दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। गुरूवार 14 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 155 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

दैनिक
करंट क्राइम
महाहौली महोत्सव
23 मार्च 2024
समयः सांय
4.00 बजे।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली।। गुरूवार 14 मार्च -2024 | वर्ष : 8 अंक : 155 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3











## चुनावी लिस्ट को लेकर दैनिक करंट क्राइम की खबर रही सटीक

## दूसरी लिस्ट में भी नहीं आया उत्तर प्रदेश का नंबर और घोषित नहीं हुई गाजियाबाद वाली सीट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनावी समर है तो चारो तरफ उस लिस्ट का जिक्र है जिसमें उम्मीदवारों का नाम है। हर कोई जानना चाहता है कि किस नेता की दावेदारी उम्मीदवारी में तब्दील हुई है। उत्तर प्रदेश के बारे में ये कहा जाता है कि प्रधानमंत्री होने का रास्ता यहीं से गुजरता है। सत्ता की भागीदारी में एक बड़ी ताकत के साथ ये प्रदेश आता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश से ही लोकसभा सांसद हैं। उत्तर प्रदेश की जब पहली सूची जारी हुई तो ये कयास लगाया जा रहा था कि अगली बैठक में इन सीटों को होल्ड किया गया है उन सीटों पर घोषणा हो जायेगी। दैनिक करंट क्राइम ने अपनी खबर में पहले ही प्रकाशित कर दिया था कि यूपी की लिस्ट नहीं आ रही है। दैनिक करंट क्राइम ने बता दिया था कि अगर 15 मार्च तक घोषणा नहीं हुई तो फिर यह घोषणा 25 मार्च को पार कर जायेगी और यह बता दिया था कि दूसरी लिस्ट में गाजियाबाद मेरठ सहित यूपी की कई सीटों का फैसला नहीं होगा। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही इस बात को प्रकाशित कर दिया था कि 13 मार्च को होने वाली बैठक में उत्तर प्रदेश पर चर्चा नहीं होगी। दैनिक करंट क्राइम की खबर सटीक निकली और जब बैठक हुई तो भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में दिल्ली की घोषणा हुई, गुजरात की घोषणा हुई, हरियाणा की घोषणा हुई, हिमाचल प्रदेश की घोषणा हुई, कर्नाटक की घोषणा हुई, मध्यप्रदेश की घोषणा हुई, महाराष्ट्र की घोषणा हुई, तेलंगाना की घोषणा हुई, त्रिपुरा की घोषणा हुई, उत्तराखंड की घोषणा हुई लेकिन उत्तर प्रदेश की घोषणा नहीं हुई।


15 मार्च को नहीं हुई घोषणा तो फिर 25 मार्च तक करना पड़ सकता है इंतजार

भाजपा हाईकमान अभी नहीं है यूपी लिस्ट की घोषणा करने को तैयार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनावी की रणभेरी कभी भी बज सकती है। लोकसभा चुनावों का काउंटडाउन एक तरीके से शुरू हो चुका है। ऐसे में उस डेट का बड़ी बेताबी से इंतजार है जो ये तय करेगी कि मोदी कैबिनेट में कौन आयेगा। उस डेट का इंतजार है जो ये बतायेगी कि कौन सी सीट से कौन सा चेहरा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में आयेगा। भाजपा इस बार पहले ही ये दावा कर रही है कि वो 400 से अधिक सीटों पर चुनाव जीतेगी। उसने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद के साथ हाथ मिलाया है। उसने लोकसभा चुनावों से पहले रालोद के विधायक को सरकार में मंत्री बनाया है। उन्होंने अपनी सिटिंग सीट पर रालोद को हिस्सेदारी दी है और बागपत लोकसभा सीट से रालोद का उम्मीदवार मैदान में उतारा है। गौतमबुद्ध नगर से महेश शर्मा के नाम की घोषणा हो चुकी है। मथुरा से हेमा मालिनी को ही उम्मीदवार घोषित किया है। सस्पेंस अब मेरठ और गाजियाबाद सीट को लेकर बना हुआ है। ये सीटें पहली वाली सूची में होल्ड की गई थी। हर कोई ये जानने को बेताब है कि आखिर भाजपा ने अपनी सिटिंग सीटों पर क्यों टिकट होल्ड किये हैं। इन सीटों पर वो क्या समीकरण साध रही है। इंतजार इस बात को लेकर था कि मंगलवार को भाजपा की सूची आ जायेगी और इस सस्पेंस से भी पर्दा हट जायेगा कि गाजियाबाद लोकसभा सीट और मेरठ लोकसभा सीट से कौन उम्मीदवार होगा। सूत्र बताते हैं कि लोकसभा वाली लिस्ट अब 15 मार्च तक घोषित हो सकती है। इस लिस्ट में उत्तर प्रदेश के कई नाम होंगे। लेकिन यहां पर कहानी में होला अष्टक सीन आ गया है। भाजपा के सूत्र बता रहे हैं कि अगर 15 मार्च को घोषणा नहीं हुई तो फिर ये तिथि 10 दिन का जम्प लेगी और फिर 25 मार्च के बाद ही सूची घोषित होगी। इस बात का कयास लगाया जा रहा है कि भाजपा की लोकसभा वाली लिस्ट अगर 15 मार्च तक घोषित नहीं हुई तो फिर यह तिथि दस दिन आगे बढ़ जायेगी। अब जब ये एक्सटेंशन होगा तो फिर इस बात को लेकर भी चर्चा वाला सीन चलता रहेगा कि इस सीट पर किसका नाम है और उस सीट से कौन सा चेहरा आ रहा है। आखिर भाजपा इन सीटों पर उम्मीदवार क्यों घोषित नहीं कर रही है। वो यहां पर कौन से समीकरण बिठा रही है। अगर भाजपा की लिस्ट 15 मार्च तक नहीं आती है तो फिर 25 मार्च तक इंतजार करना पड़ सकता है।

भाजपा के गढ़ में सबसे बड़ी जीत का है अनुमान

करंट क्राइम। गाजियाबाद को भाजपागढ़ कहा जाता है और इसकी कई वजह भी हैं। मिनी सांसद का चुनाव कहे जाने वाली मेयर सीट पर भाजपा वर्ष 1995 से लेकर आज तक कभी चुनाव नहीं हारी है। इस सीट पर हमेशा उसका कब्जा रहा है। लोकसभा सीट पर भाजपा लगातार चुनाव

## आज जनरल वीके सिंह देंगे मुरादनगर के इस गांव को फ्री की बिजली

### प्रधानमंत्री फ्री बिजली योजना में गाजियाबाद का पहला गांव बनेगा इस बात का साक्षी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले जनरल वीके सिंह की सक्रियता ने यहां नए रिकार्ड बना रखे हैं। वो अपनी लोकसभा में जबरदस्त पारी खेल रहे हैं। रोजाना वो कई परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहे हैं शिलान्यास कर रहे हैं। वो अयोध्या में पूरी ट्रेन भी ले जा चुके हैं और धोबीघाट आरओबी को जनता को समर्पित भी कर चुके हैं। उन्होंने देहात से लेकर शहर तक विकास की कई सौगातें दी हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि जनरल वीके सिंह ने अपने लोकसभा क्षेत्र में कई ऐसी चीजें दी हैं जिनके सूपर इफैक्ट भविष्य में दिखाई देंगे। गाजियाबाद जिले का नाम देश के नक्शे पर आयेगा। इन सभी के बीच खास बात ये है कि जनरल वीके सिंह ने अपने लोकसभा क्षेत्र में देहात पर काफी फोकस किया है। देहात के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए जनरल का पूरा प्रयास रहता है। उन्होंने शहर की कई बस्तियों में विकास की सौगात दी है और इसी क्रम में आज फिर वो मुरादनगर गांव आ रहे हैं। जरनल वीके सिंह आज दोपहर 12.30 बजे मुदानगर के काकड़ा गांव को फ्री बिजली का उपहार प्रदान करेंगे। जनरल वीके सिंह दोपहर 12.30 बजे मुदानगर के काकड़ा गांव पहुंचगें और यहां पर वह प्रधानमंत्री सूर्य घर के अन्तर्गत फ्र ी बिजली योजना का शुभारंभ गाजियाबाद से करेंगे। गाजियाबाद जिला और गाजियाबाद का काकड़ा गांव गाजियाबाद फ्री बिजली योजना का पहला गांव बनेंगे जहां पर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अन्तर्गत फ्री बिजली योजना का लाभ मिलेगा।

## एसीपी ट्रैफिक और इंस्पेक्टर ने वितरित किए फ्री हेलमेट

### कहा चालान नहीं जान बचाने के लिए पहने जनाब



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात गाजियाबाद पुलिस कई तरह के प्रयास करती है। ऐसा ही प्रयास बुधवार को भी देखने को मिला। जहां एसीपी ट्रैफिक प्रियाश्री पाल और ट्रैफिक इंस्पेक्टर संतोष ने जीएनवीजी फाउंडेशन द्वारा राज चौपला मोदीनगर में बिना हेलमेट चल रहे लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें निशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने बिना हेलमेट चलने वाले लोगों को सलाह दी कि वह चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपना जीवन सुरक्षित रखने और जान बचाने के लिए हेलमेट का इस्तेमाल करें। इस दौरान एसीपी ट्रैफिक प्रियाश्री पाल ने लोगों से अपील की कि वह यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट के साथ ही चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल भी अवश्य करें।

### पुलिस का यह अंदाज, सबको लगा जुदा

**करंट क्राइम।** बुधवार को मोदीनगर इलाके में यातायात पुलिस लोगों को बिना हेलमेट लगाने पर ना तो फटकार लगा रही थी और ना ही उनका चालान कर रही थी। यहां पुलिस का बदला हुआ रूप देखने को मिला, जो लोग बिना हेलमेट के चल रहे थे उन्हें एसीपी ट्रैफिक और इंस्पेक्टर ने निशुल्क हेलमेट वितरित किया। इसके साथ ही कहा कि सुरक्षा के लिए हेलमेट हर हाल में पहन कर चलें। इससे आप सुरक्षित रहेंगे और हेलमेट का इस्तेमाल चालान से बचने के लिए नहीं अपने जीवन चक्र को बचाने के लिए करिए।

## श्रीमद् भागवत की कथा जया किशोरी से सुनने उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

















**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर श्रीमद् भागवत कथा कथावाचक जया किशोरी से सुनने को ज्यादा श्रद्धालुओं का जनसैलाब बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनिल अग्रवाल साँवरिया, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी, मेयर सुनीता दयाल, पूर्व मेयर आशा शर्मा, व समरकूल के चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने परिवार सहित कथा सुनी, साथ ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चुनाव से पहले बदमाशों का ओपन चैलेंज, फैक्ट्री कारोबारी को लूटा

### शास्त्री नगर चौकीक्षेत्र में दिनदहाड़े हुई पौने दो लाख रुपये की लूट

गाजियाबाद, करंट क्राइम । चुनावी सीजन शुरू होने को है, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में अर्धसैनिक बलों की तैनाती का दावा किया जा रहा है। बावजूद इसके कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शास्त्री नगर चौकी इलाके में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने कारोबारी रमेश गुप्ता को लूट का शिकार बनाया। बदमाशों ने उनकी फैक्ट्री के गेट से 50 कदम पहले लगभग पौने दो लाख रुपए से भरा बैग लूटकर मौके से फरार हो गए। जब तक रमेश गुप्ता कुछ समझ पाते मोटरसाइकिल सवार बदमाश फरार हो गए थे। उन्होंने कंट्रोल रूम को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस मामले में डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह का कहना है पुलिस सीसीटीवी की जांच कर रही है। लूट के खुलासे के लिए तीन टीमों को लगाया गया है। पूरे मामले की पड़ताल के बाद इस मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।



### पेड़ के नीचे खड़े थे लुटेरे, कारोबारी था अंजान

**करंट क्राइम।** शास्त्री नगर पुलिस चौकीक्षेत्र में नेहरू नगर निवासी रमेश गुप्ता की ट्रांसफार्मर बनाने और रिपेयर करने की फैक्ट्री है। वह दोपहर में यहां फैक्ट्री पहुंचे थे, कार से निकलकर फैक्ट्री के गेट के ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान छांव में खड़े मोटरसाइकिल सवार लुटेरे आए और उनका पौने दो लाख रुपयों से भरा पैसों का बैग लूटकर फरार हो गए। उन्होंने शोर भी मचाया लेकिन बदमाश फरार हो गए थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की है लेकिन अभी कोई सुराग नहीं लग पाया है।

### सीसीटीवी फुटेज जांचने में जुटी क्राइम टीमें

**करंट क्राइम।** आगामी लोकसभा चुनाव और त्यौहारी सीजन के बीच पौने दो लाख रुपए की लूट की वारदात के खुलासे के लिए क्राइम टीमें और थाने की एसओजी जुट गई है। साथ ही कवि नगर थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को डीसीपी स्तर से निर्देश दिया गया है कि इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए।

### पुलिस की चेकिंग व्यवस्था की फिर खुल गई पोल

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद आए दिन सोशल मीडिया पर चेकिंग और अलर्ट के फोटो अपलोड करती रहती है लेकिन बुधवार को शास्त्री नगर चौकीक्षेत्र में हुई पौने दो लाख रुपए की लूट की वारदात बता रही है की चेकिंग व्यवस्था केवल फोटोग्राफी तक सीमित है। बदमाश फैक्ट्री के बाहर कारोबारी का इंतजार कर रहे थे और आसानी से वारदात को अंजाम देखकर फरार भी हो गए। लूट की सूचना कंट्रोल रूम को दिए जाने के बावजूद भी कहीं पर अलर्ट वाला सीन नजर नहीं आया।

## चुनाव के बाद मिलेगा एलिवेटेड रोड को भगवान राम सेतु का नाम, चुनाव तक चलाना पड़ेगा पुराने नाम से ही काम

### बोर्ड बैठक की मिनिट्स पर अभी तक नहीं आया है फाइनल रिजल्ट

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट बहुत तेज चल रही है। वहीं गाजियाबाद की जनता को इंतजार है कि एलिवेटेड रोड का नाम भगवान राम सेतु वाला बोर्ड कब लगेगा। नगर निगम गरजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं की बोर्ड बैठक के मिनट्स भेज दिए गए हैं लेकिन उन पर अभी फाइनल रिजल्ट आना शेष बताया जा रहा है।

इस बीच चर्चा शुरू हो गई है कि क्या चुनावी आचार संहिता लगने से पहले ही एलिवेटेड रोड पर बोर्ड लग जाएगा या चुनाव के बाद ही यहां नए नेम वाला फेम देखने को मिलेगा। दरअसल गाजियाबाद की एलिवेटेड रोड देश की सबसे लंबी सिंगल एलिवेटेड रोड है। यह शहर के लिए एक अलग ही नजारा भी पेश करती है। बीते दिनों नगर निगम की बैठक में बहुमत के साथ एलिवेटेड रोड का नाम भगवान श्रीराम सेतु रखने का प्रस्ताव पास हुआ था लेकिन अभी तक यह नाम दर्ज नहीं किया गया है।



### पार्षदों और महापौर ने प्रमुखता से रखा था प्रस्ताव

**करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद सदन के अंदर कई पार्षदों और महापौर सुनीता दयाल द्वारा एलिवेटेड रोड के नाम का बदलाव करते हुए इसे भगवान श्री रामसेतु के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा गया था, जो प्रमुखता से पास हुआ था लेकिन अभी इसकी शुरूआत नहीं हुई है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह चुनाव के बाद ही शुरू होगा। उधर नगर निगम के सूत्रों पर भरोसा करें तो अभी सभी मिनट फाइनल राउंड पर नहीं पहुंचे हैं।

### सभी को है इंतजार कब चेंज होगा नाम

**करंट क्राइम।** अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के बाद देश में एक अलग लहर और राम नाम का जप शुरू हो गया था। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम में पार्षद और महापौर ने एलिवेटेड रोड का नाम भगवान श्री राम सेतु रखने का प्रस्ताव पारित किया था, जो पास भी हुआ। अब सभी को इंतजार है कि जल्द ही यहां नया बोर्ड और भगवान श्रीराम के नाम का साइन बोर्ड नजर आए।

# पटना सिविल कोर्ट में बड़ा हादसा, ट्रांसफार्मर फटने से 3 वकील झुलसे; 1 की मौत



पटना। पटना सिविल कोर्ट में बुधवार को अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने के बाद ट्रांसफार्मर फट गया। इस हादसे में दो वकीलों की मौत हो गई।वहीं दो अन्य वकील बुरी तरह से झुलस गए। हादसे के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गईं। मृत वकील की पहचान देवेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। बताया गया है कि घटनास्थल पर ही अधिवक्ता देवेंद्र प्रसाद की मौत हो गई। वहीं बुरी तरह से झुलसे दो अन्य वकीलों को इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया, जहां एक अन्य अधिवक्ता की मौत हो गई।

हादसे के बाद कोर्ट परिसर में वकीलों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी प्रदर्शन कर रहे वकीलों को समझाने में जुटे रहें।

हंगामा कर रहे वकीलों की मांग है कि मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। वकीलों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

बताया गया है कि ट्रांसफार्मर का तेल लिक कर रहा था और उसमें आग लग गई। ट्रांसफार्मर का मीटरिंग यूनिट फटने से हादसा हुआ। यह ट्रांसफार्मर के ऊपर लगता है। एचटी उपभोक्ताओं के ट्रांसफार्मर में लगता है। बिजली कर्मियों के अनुसार तकनीकी गड़बड़ी से यह हो सकता है। मीटरिंग यूनिट का काम मीटर को सिग्नल देना होता है।

# फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा

वाराणसी। गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को फर्जी हथियार लाइसेंस मामले में बुधवार को उम्रकैद की सजा मिल गई। जेल में बंद यूपी के पूर्व विधायक, जो कई मामलों में आरोपी हैं, पंजाब जेल से लाए जाने के बाद 2021 से बांदा जेल में बंद हैं। वाराणसी एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अवनीश गौतम ने मामले में फैसला सुनाया।

1990 में सीबीसीआईडी ने विधायक रहते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शस्त्र लाइसेंस हासिल करने के आरोप में अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। सीबीसीआईडी ने अंसारी के साथ ही शस्त्र लिपिक गौरी शंकर लाल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की थी। तत्कालीन डीएम आलोक रंजन और एसपी देवराज नागर के फर्जी हस्ताक्षर से फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाया गया था. अंसारी के वकील ने बताया कि जेल में बंद अंसारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बहस के दौरान मौजूद थे।



गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को फर्जी हथियार लाइसेंस मामले में बुधवार को उम्रकैद की सजा मिल गई। जेल में बंद यूपी के पूर्व विधायक, जो कई मामलों में आरोपी हैं, पंजाब जेल से लाए जाने के बाद 2021 से बांदा जेल में बंद हैं।

## कोयला व्यापारी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अंसारी को साढ़े पांच साल की सजा

दिसंबर 2023 में, एक विशेष अदालत ने 1997 में एक कोयला व्यापारी को जान से मारने की धमकी के लिए अंसारी को साढ़े पांच साल की कैद की सजा सुनाई। कैद के साथ-साथ एमपी-एमएलए अदालत ने अंसारी पर 10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। उन्हें महावीर प्रसाद रांगुटा को जान से मारने की धमकी देने का दोषी ठहराया। अंसारी ने जनवरी, 1997 में वाराणसी निवासी रंगुटा और उनके घर को विस्फोट से उड़ाने की धमकी दी थी। अदालत ने 5 दिसंबर को मामले में सुनवाई पूरी कर ली, लेकिन अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने अंसारी को दोषी ठहराया और सजा की घोषणा की। अंसारी बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालती कार्यवाही में शामिल हुए। अंसारी मऊ विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे। गैंगस्टर से नेता बने ने 2022 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा और उनकी सीट उनके बेटे अब्बास अंसारी ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) से जीती थी।

# राहुल गांधी: 6 महीने की ट्रेनिंग वाले अग्निवीरों का सामना चीनी सैनिकों से हो जाए तो क्या होगा?

धुले। महाराष्ट्र के धुले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस 'नारी न्याय' के अपने लक्ष्य को घर-घर तक लेकर जाएगी और देश की आधी आबादी को उनका पूरा हक दिलाएगी। महाराष्ट्र के दोंडाइचा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना के जवानों को 3-4 साल तक आधुनिक हथियार चलाने की ट्रेनिंग मिलती है। अगर हमारे अग्निवीरों को, जिन्हें छह महीने की ट्रेनिंग दी जाती है, चीनी सैनिकों का सामना करना पड़ जाए तो क्या आप सोच सकते हैं कि तब क्या होगा? हमारा अग्निवीर बिना प्रशिक्षण के जाकर अपनी जान दे देगा लेकिन फिर भी उसे शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिला न्याय गारंटी योजना की घोषणा की। इस योजना के तहत गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये, सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण और महिलाओं को छात्रावास की सुविधा देने का वादा किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को नारी न्याय गारंटी की घोषणा की और कहा कि इससे देश की महिलाओं के लिए समृद्धि का द्वार खुलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो जारी कर और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के धुले में नारी न्याय के तहत पांच कदमों की घोषणा की। पार्टी की ओर से घोषित नारी न्याय गारंटी के तहत किए गए प्रमुख वादों में हर साल गरीब परिवार की महिला को एक लाख रुपये देना और केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की बात शामिल है।

# सुरक्षा क्लियरेंस के बाद ही मिलेगी सीएए से नागरिकता, हाई पावर कमेटी ही करेगी फैसला; क्या है नियम

नई दिल्ली। भारत सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून को लागू कर दिया है, जिसके चलते दिसंबर 2014 से पहले भारत आए पड़ोसी मुल्कों के पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता मिल सकेगी। इस नियम के तहत अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान से आने वाले रिफ्यूजी भारत के नागरिक बन पाएंगे। इस कानून से उन लाखों लोगों को फायदा होने की उम्मीद है, जो सालों से भारत में तो रह रहे हैं, लेकिन उनके पास कोई अधिकार नहीं हैं। हालांकि इन लोगों को यह नागरिकता महज आवेदन करने से ही नहीं मिलेगी। इसके लिए एक तय प्रक्रिया है, जिसका पालन करना होगा। इसमें सबसे अहम है सुरक्षा जांच होना। उसकी रिपोर्ट के बाद ही आवेदकों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। होम मिनिस्ट्री की ओर से जारी आदेश के अनुसार आवेदनों की जांच के लिए एक सशक्त समिति का गठन किया जाएगा। विस्तृत आदेश में कहा गया, 'सशक्त समिति आवेदनों पर इन्क्वायरी कर सकती है। वह आवेदन पर एक रिपोर्ट मांग सकती है। इनमें से एक सुरक्षा क्लियरेंस भी होगा। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से जब मंजूरी मिल जाएगी, तभी आवेदनों को आगे बढ़ाया जाएगा। आवेदन मिलने पर सुरक्षा एजेंसियों का क्लियरेंस भी पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा।' सीएए के नियमों के अनुसार राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के स्तर पर नागरिकता के लिए आवेदन होगा। इन आवेदनों का रिव्यू होम मिनिस्ट्री और सुरक्षा एजेंसी द्वारा भी किया जाएगा। नागरिक संशोधन कानून, 2019 के तहत उन लोगों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान रखा गया है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत में शरण के लिए आए थे।




हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख पंथ के वे लोग इसके तहत आवेदन कर सकेंगे, जो उत्पीड़न की वजह से भारत में आए थे। सरकार के मुताबिक हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोगों की वास्तविक शरणस्थली भारत ही है। ऐसे में यदि उनका कहीं भी दुनिया में उत्पीड़न होता है तो वे भारत का ही रुख करेंगे। ऐसी स्थिति में भारत को उन्हें शरण देनी चाहिए। इसी मकसद से यह कानून बनाया गया है। बता दें कि दिल्ली, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में बड़ी संख्या में तीन पड़ोसी देशों से उत्पीड़न का शिकार होकर आए लोगों की आबादी बसी है। यही नहीं इन लोगों में बड़ी संख्या दलित समुदाय के हिंदुओं की है। ऐसे में इन्हें शरण देने के फैसले का एक बड़ा वर्ग स्वागत कर रहा है।

# सीएए पर केजरीवाल ने क्या दी चेतावनी, भड़कते हुए बीजेपी ने सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश बताया

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून पर अरविंद केजरीवाल के बयान पर बीजेपी नेता आरएस प्रसाद ने कहा कि यह किसी भी भारतीय को उनकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देता है जिन्हें उनकी आस्था के आधार पर सताया गया है। मैं सीएए के नाम पर सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने वालों से कहना चाहता हूं कि वे रुकें। झूठ बोलना बंद करें। मैं दक्षिण भारत, विशेषकर केरल और तमिलनाडु की पार्टियों से नफरत फैलाना बंद करने का आग्रह करता हूं।



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये सीएए क्या है? केंद्र की बीजेपी सरकार का कहना है कि अगर तीन देशों - बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक भारतीय नागरिकता लेना चाहते हैं, तो उन्हें दी जाएगी। इसका मतलब है कि बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को हमारे देश में लाया जाएगा। उन्हें नौकरियां दी जाएंगी और उनके लिए घर बनाए जाएंगे। भाजपा हमारे बच्चों को नौकरी नहीं दे सकती लेकिन वे पाकिस्तान के बच्चों को नौकरी देना चाहते हैं। हमारे कई लोग बेघर हैं लेकिन बीजेपी पाकिस्तान से आए लोगों को यहां बसाना चाहती है। केजरीवाल ने कहा कि वे हमारी रोजगार उनके बच्चों को देना चाहते हैं। वे पाकिस्तानियों को हमारे घरों में बसाना चाहते हैं। भारत सरकार का जो पैसा हमारे परिवारों और देश के विकास के लिए इस्तेमाल होना चाहिए वह पाकिस्तानियों को भारत में बसाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा आदि राज्यों से लोगों को इजरायल भेजा जा रहा है। सरकार पाकिस्तानी लोगों को भारत लाकर के बसाकर सरकार हमारे हक के रोजगार उन्हें देना चाहती है।

# मनोहर लाल खट्टर ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा, इस सीट से लोकसभा के चुनावी मैदान में उतारेगी बीजेपी!



**करनाल**। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से अचानक इस्तीफे के एक दिन बाद बुधवार को करनाल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। खट्टर 2014 से करनाल का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनावों में अपनी सीट बरकरार रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह उसे समर्पण भाव से निभाएंगे। अटकलें लगाई जा रही हैं कि भाजपा करनाल लोकसभा क्षेत्र से खट्टर को मैदान में उतार सकती है।

## करनाल लोकसभा सीट के बारे में जानें

2019 के लोकसभा चुनाव में संजय भाटिया ने शानदार जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस के कुलदीप शर्मा को 656142 वोटों से हराया. संजय भाटिया को 911,594 वोट मिले, जो कुल का 71% है, जबकि कुलदीप शर्मा को केवल 255,452 वोट मिले, जो कि मात्र 20% है। करनाल लोकसभा सीट पर लगभग 1,821,231 मतदाता हैं। इनमें से 974,840 पुरुष मतदाता हैं, जबकि 846,382 महिला मतदाता हैं। पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में 1,300,722 मतदाताओं ने वोट डाले थे। यानी 71 फीसदी मतदान हुआ।

# उत्तराखंड के लिए भाजपा-कांग्रेस ने उम्मीदवारों का किया ऐलान

देहरादून। कांग्रेस ने मंगलवार (12 मार्च) को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 43 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। इसमें राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के नाम शामिल हैं। कांग्रेस ने इससे पहले 39 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का था। उन्हें एक बार फिर से केरल की वायनाड सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस के अलावा भारतीय जनता पार्टी (इखढ) भी पहली लिस्ट में 195 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

| लोकसभा सीट | बीजेपी | कांग्रेस |
|---|---|---|
| नैनीताल | उधमसिंह नगर | अजय भट्ट |
| अल्मोड़ा (एससी) | अजय टम्टा | प्रदीप टम्टा |
| टिहरी गढ़वाल | माला राज्य लक्ष्मी शाह | जोत सिंह गुनसोला |
| गढ़वाल | गणेश गोदियाल | |

## उत्तराखंड में दोनों पार्टियों ने किया उम्मीदवारों का ऐलान

दूसरी लिस्ट में कांग्रेस ने उत्तराखंड की तीन सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। टिहरी गढ़वाल सीट से पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, गढ़वाल से गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा से प्रदीप तमता को टिकट दिया है। जबकि दो सीटों पर अभी उम्मीदवारों का ऐलान नहीं हुआ है। आपको बता दें कि उत्तराखंड में कुल 5 लोकसभा सीटें हैं। बीजेपी भी राज्य की तीन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है।



## 2014-19 के रिजल्ट

लोकसभा चुनाव में जिन 543 सीटों पर चुनाव होता है, उनमें से उत्तराखंड की केवल 5 सीटें हैं। पांच में से एक अनुसूचित जाति (रउ) के उम्मीदवार के लिए रिजर्व रखा गया है। बीजेपी के नेतृत्व वाली ठऊअ की सत्तारूढ़ सरकार ने 2014 और 2019 दोनों चुनावों में सभी लोकसभा की सभी 5 सीटें जीती थीं। बीजेपी अभी भी राज्य और केंद्र दोनों में मजबूत स्थिति में है। उत्तराखंड राज्य में आम चुनाव एक ही चरण में होते हैं। चुनाव आयोग कभी भी इलेक्शन के तारीखों का ऐलान कर सकता है।

# अहमदनगर बना अहिल्यानगर, 8 स्टेशनों के भी बदलेंगे नाम, शिंदे कैबिनेट का बड़ा फैसला

मुंबई। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र कैबिनेट ने अहमदनगर जिले का नाम बदलकर अहिल्या नगर करने का फैसला किया है। कैबिनेट ने 8 मुंबई रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का भी फैसला किया है जो ब्रिटिश काल के नाम थे। साथ ही कैबिनेट ने उत्तान (भायंदर) और विरार (पालघर) के बीच सी लिंक बनाने को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में महाराष्ट्र भवन बनाने के लिए 2.5 एकड़ जमीन खरीदने को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए बजट प्रस्ताव महाराष्ट्र विधानसभा के पिछले बजट सत्र में राज्य के बजट में पहले ही किया जा चुका था।

## कैसे पड़ा अहमदनगर शहर का नाम?

जिले की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, महाराष्ट्र के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित, अहमदनगर 240 ईसा पूर्व से शुरू होकर कुछ प्रमुख राज्यों का हिस्सा रहा है जब आसपास के क्षेत्र का उल्लेख मौर्य सम्राट अशोक के संदर्भ में किया गया है। मध्ययुगीन काल में, इस क्षेत्र पर राष्ट्रकूट राजवंश, पश्चिमी चालुक्य और फिर दिल्ली सल्तनत का शासन था। अहमदनगर, जिसे तब निजामशाही के नाम से जाना जाता था, उस साम्राज्य से उभरने वाले पाँच स्वतंत्र राज्यों में से एक बन गया। 1486 में मलिक अहमद निजाम शाह ने बहमनी सल्तनत के प्रधानमंत्री का पद संभाला। उन्होंने 1490 में बहमनी साम्राज्य के राजा को सफलतापूर्वक हरा दिया। । चार साल बाद, उन्होंने सीना नदी के बाएं किनारे पर एक शहर की नींव रखी। उन्हीं के नाम पर इस शहर का नाम अहमदनगर रखा गया।





**कैबिनेट ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में महाराष्ट्र भवन बनाने के लिए 2.5 एकड़ जमीन खरीदने को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए बजट प्रस्ताव महाराष्ट्र विधानसभा के पिछले बजट सत्र में राज्य के बजट में पहले ही किया जा चुका था।**

## अहिल्याबाई होल्कर कौन थीं?

अहिल्याबाई का जन्म अहमदनगर के चोंडी गांव में ग्राम प्रधान मंकोजी शिंदे के घर हुआ था, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उनकी बेटी को शिक्षा मिले, जो उस समय काफी दुर्लभ था। ऐसा माना जाता है कि पेशवा बाजीराव के सेनापति मल्हार राव होल्कर ने चोंडी में एक मंदिर की सेवा में आठ वर्षीय अहिल्याबाई को देखा था। उनकी भक्ति और चरित्र से प्रभावित होकर, उन्होंने अपने बेटे खांडे राव का विवाह उनसे करने का फैसला किया। 1754 में भरतपुर के राजा के खिलाफ कुंभेर की लड़ाई में अपने पति की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई ने मालवा पर अधिकार कर लिया। उन्होंने अपने ससुर के मार्गदर्शन में प्रशासनिक और सैन्य रणनीतियों में उत्कृष्टता हासिल की, जिनका मानना था कि उन्हें अपने लोगों का नेतृत्व करना चाहिए।

# पूर्व मुख्यमंत्रियों से लेकर राज्यसभा सांसद तक, भाजपा की दूसरी सूची में ये हैं बड़े चेहरे

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची भी जारी कर दी है। इस सूची में कुल 72 नाम हैं। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों को टिकट थमाया है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम है। इससे पहले 2 मार्च को भाजपा की पहली सूची में 195 नामों का एलान किया गया था। 34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम पहली सूची में था। पहली सूची में 28 महिलाओं को भी मौका दिया गया था।

## तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को टिकट

भाजपा की पहली सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव को लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया गया था। पहली सूची की तरह इस सूची में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को टिकट दिया गया है। 24 घंटे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने वाले मनोहर लाल खट्टर करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत हरिद्वार लोकसभा सीट से मैदान में उतरेंगे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी चुनाव लड़ेंगे। बोम्मई को हावेरी सीट से टिकट दिया गया है। 2019 में यहां से शिवकुमार उदासी जीते थे।

## गडकरी फिर से नागपुर सीट से लड़ेंगे चुनाव

भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम नहीं था। तब से ही उनके टिकट कटने को लेकर अटकलें लग रहीं थीं। शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने तो उन्हें अपनी पार्टी से टिकट देने तक का ऑफर दे दिया था। हालांकि, दूसरी सूची में गडकरी का भी नाम है। गडकरी अपनी परंपरागत नागपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के शहर उज्जैन की लोकसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं होने पर मौजूदा सांसद अनिल फिरोजिया का टिकट कटने की अटकलें थीं। दूसरी सूची में पार्टी ने उनको फिर से टिकट दे दिया है। इसी तरह इंदौर सीट से शंकर लालवानी को भी फिर से उम्मीदवार बनाया गया है।

## चुनाव राजनीति से दूर रहने वाले गोयल भी इस बार मैदान में

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। गोयल 2010 से लगातार तीन बार राज्यसभा जा चुके हैं। इस बार उनका राज्यसभा कार्यकाल 2028 में समाप्त होना है। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें इस बार चुनाव मैदान में उतारा है। गोयल मुंबई उत्तर सीट से मैदान में उतरेंगे। 2019 में यहां से भाजपा के गोपाल शेट्टी जीते थे। उन्होंने फिल्म अभिनेत्री और कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला मातोंडकर को चार लाख 65 हजार से ज्यादा वोट से हराया था।

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली।। गुरूवार 14 मार्च -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## जब से हैंडपम्प वालों ने मिला लिया भाजपा से हाथ
# तब से संघर्ष को दे दिया विराम और नहीं सुनाई देती जिंदाबाद मुर्दाबाद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में संघर्ष का अपना एक अलग स्थान है। ये कहा जाता है कि जो संघर्ष नहीं करेगा वो राजनीति में कभी मुकाम नहीं पायेगा। सदन का रास्ता सड़क से होकर जाता है। जो दल सड़कों पर जाता है वो सदन में जरूर पहुंच जाता है। यही वजह है कि सत्ता के लिए संघर्ष कर रहे अखिलेश यादव सड़क पर हैं। राहुल गांधी यात्रा निकाल रहे हैं और सड़क पर हैं। बसपा का हाथी जरूर घर बैठा है और यहां पर ताजा घटनाक्रम उस रालोद के साथ हुआ है जिसे किसानों की पार्टी माना जाता है। किसान यूनियन वाले जब यूपी गेट पर धरना देते हैं तो ये मान लिया जाता है कि इस धरने को समर्थन रालोद वालो का ही मिलेगा। लेकिन लोकसभा चुनावों से पहले कहानी में मोड आ गया है। रालोद अब समस्याओं को छोड़कर भाजपा के साथ आ गया है। गठबंधन के बाद से ही रालोद की संघर्ष वाली राजनीति में विराम आ गया है। अब वो तकरार नहीं करती और अब वो पार्ट ऑफ सरकार हैं। यही वजह है कि कभी रालोद वालों की जिंदाबाद मुदार्बाद से गुलजार रहने वाला कलैक्ट्रेट अब शांत रहता है। गठबंधन की गांठ बंधने के बाद से ही रालोद के मुद्दावीर योद्धाओं ने अपने हथियार साइड में रख दिये हैं। अब वो कोई ज्ञापन भी नहीं देते हैं।



### अब वो करते हैं मंत्री का स्वागत और खुद को मानते हैं सरकार

करंट क्राइम। कल तक रालोद वालों को भाजपा सरकार से समस्यायें थी। वो मुद्दों को उठा रहे थे उनके मुखिया कह रहे थे कि हम भाजपा में नहीं जायेंगे। लेकिन राजनीति में हालात देखे जाते हैं और यहां जयंत चौधरी को भाजपा के साथ जाना फायदे का सौदा लगा। रालोद जब भाजपा के साथ आया तो भाजपा ने भी अपने मंत्रीमंडल का विस्तार किया और उन्होंने अपने कल तक सियासी विरोधी राष्ट्रीय लोकदल को पार्ट ऑफ सरकार किया। अब रालोद सरकार का हिस्सा है और उसका किस्सा ये है कि अब वो अपने नव नियुक्त मंत्री का स्वागत कर रहे हैं। अपने मंत्री को बधाई दे रहे हैं और अब वो कोई मुद्दा नहीं उठा रहे हैं।



### अजय वीर चौधरी से लेकर अमरजीत बिट्टी तक छाई है खामोशी

करंट क्राइम। अजयवीर चौधरी रालोद के पुराने नेता हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर वो पुरानी फोटो से यह एहसास कराते हैं कि रालोद में उनकी पकड़ कहां तक है और कैसी है। गन्ना समिति के चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी रालोद के पुराने झंडावरदार हैं लेकिन अब उनकी खामोशी भी यह बताती है कि सरकार में विलय होने के बाद से ही वो इस बात के लिए खबरदार हैं कि अब हम सरकार में शामिल हैं और हमें कोई बुराई नहीं करनी है। इसके अलावा रालोद के चेहरों में चौधरी तेजपाल सिंह, रविन्द्र चौहान, इन्द्रजीत सिंह टीटू जैसे चेहरे भी साइलेंट मोड पर हैं। इन चेहरों का सुकुन ये बता रहा है कि सबकुछ ठीक चल रहा है।

## महंत नारायण गिरी से हो रहे हैं टिकट इंक्वारी वाले सवाल
### महंत बोले जिसे भी मिलेगा टिकट हम करायेंगे पूजा अर्चना और स्वयं करेंगे मतदान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति विज्ञान विषय में धर्म और सियासत एक ही सिक्के के दो पहलू माने गये हैं। राजनीति से अलग धर्म नहीं होता है और धर्म से अलग राजनीति नहीं होती है। खासतौर से सरकार के तार अगर धर्म वालो के द्वार से जुड़े हैं तब सभी की निगाहें उधर रहती ही हैं। गाजियाबाद में श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर एक ऐसा स्थान है जहां शासन वालों से लेकर प्रशासन हाजिरी देता है। इस मठ मंदिर के महंत नारायाण गिरी की ये विशेषता है कि वो सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन से लेकर कई व्यक्तियों के पारिवारिक आयोजनों में भी भाग लेते हैं। हालांकि उनकी



पूरी कोशिश खुद को राजनीतिक मंचों से दूर रखने की होती है लेकिन इस बार कुछ ऐसा हो रहा है कि जो सवाल धर्म वालों को सियासत वालों से पूछना चाहिए था वो सवाल सियासत वाले धर्म वालों से पूछ रहे हैं। भाजपा ने अभी टिकट घोषित नहीं किया है और ऐसे में भगवागढ़ के कई पोलिटिकल चेहरे महंत नारायण गिरी से ये सवाल कर रहे हैं कि टिकट किसका होगा। लोग ये जानना चाहते हैं कि टिकट किसका हो रहा है और इस टिकट जिज्ञासा में वो महंत नारायण गिरी को भी फोन मिला रहे हैं। जानना चाहते हैं कि टिकट किसका हो रहा है। करंट क्राइम से बातचीत में महंत नारायण गिरी ने ये माना कि रोजाना उनके पास फोन आ रहे हैं और लोग ये जानना चाह रहे हैं कि टिकट किसका हो रहा है और कब हो रहा है। लेकिन करंट क्राइम से बातचीत में महंत ने स्पष्ट किया कि हम जूना अखाड़े के संत हैं और श्रीदूधेश्वर नाथ मंदिर केमहंत हैं इसलिए हमारे लिए ये सवाल ही विकट है कि किसका टिकट हो रहा है। हमारा तो यही कहना है कि पार्टी जिसे भी टिकट देगी और वह जब मंदिर आयेंगे तो हम उनकी पूजा अर्चना करायेंगे, जलाभिषेक करायेंगे। यहां पर महंत नारायण गिरी ने कहा कि धार्मिक महंत होने के साथ-साथ मैं अपने राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक भी हूं इसलिए ये हम स्वस्थ लोकतंत्र की सबसे बड़ी जरूरत यानि मतदान के लिए लोगों के लिए जागरूक भी करेंगे और स्वयं भी मतदान करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी माने जाते हैं महंत नारायण गिरी

करंट क्राइम। महंत नारायण गिरी आमतौर पर अपने पोलिटिकल कनैक्शन को लेकर हमेशा शांत रहते हैं। वो कभी इस बात का दिखावा नहीं करते कि सत्ता में उन्हें कौन जानता है। एक लंबा अरसा उन्होंने धर्म की यात्रा में गुजारा है। वो पोलिटिकल गलियारों में उस समय चर्चा में आये जब मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर आये। उसके बाद ऐसा भी हुआ जब मुख्यमंत्री ने मंच पर उन्हें अपने पास बुलाया और अपने पास ही बिठाया। ये माना जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी के मधुर संबंध हैं। इन संबंधों का सियासत से कोई लेना देना नहीं है। ये संबंध संत परम्परा के अनुपालन में हैं।

## बारकोड स्क्रैच कर खपाते थे बिहार में कई राज्यों की शराब
# 30 लाख की शराब और बीयर के साथ तस्कर गिरफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच व स्वॉट टीम ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व गाजियाबाद के मुरादनगर थाना अंतर्गत हाईवे से एक ट्रक को लगभग 30 लाख रुपए की शराब और बियर के साथ जब्त किया है। साथ ही एक तस्कर भी गिरफ्तार किया गया है, जो ड्राइवर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह शराब पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से लेकर बिहार में सप्लाई की जाती थी। पकड़े गए आरोपी पर शराब तस्करी और चोरी की शराब ले जाने का मुकदमा भी दर्ज है। आरोपी एक साल पूर्व भी बिहार के समस्तीपुर से ट्रक में शराब ले जाने के आरोप में जेल भेजा गया था। पुलिस ने बताया है कि पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 30 लाख रुपये है और यह है बिहार में सप्लाई की जानी थी। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया है कि इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी और उनकी क्राइम टीम ने पूरी घटना का खुलासा किया है।

## गाजियाबाद क्राइम ब्रांच की टीम ने हासिल की चुनाव से पहले बड़ी सफलता




### बारकोड हटाकर मिटा देते थे शराब किस राज्य की है पहचान

करंट क्राइम। इंस्पेक्टर क्राइम अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि पकड़ा गया आरोपी अनूप सिंह पूर्व में भी जेल जा चुका है। यह अपने कई साथियों के साथ मिलकर शराब की तस्करी करता है। फिलहाल पकड़े गए आरोपी पर दो मुकदमे दर्ज हैं। खास बात यह है कि यह शराब पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से लेकर आते थे और उनके बारकोड स्क्रैच कर दिया करते थे ताकि यह पता ना चले कि शराब किस जिले से और कितनी मात्रा में उठाई गई है।

### 9 से 10 लाख रुपये का एक बार में मिलता था लाभ

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक से कुल 501 पेटी शराब और बियर बरामद हुई हैं। पुलिस का कहना है कि इसे



आगामी लोकसभा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता था लेकिन चालक का कहना है कि यह बिहार लेकर जा रहा था। पुलिस ने बताया है कि यह लगभग 30 लाख रुपए का माल था, जो इसे कम पैसों में मिलता है और एक बार माल सप्लाई करने पर लगभग 9 से 10 लाख रुपए की बचत होती थी।

### गिरफ्तार आरोपी है हरियाणा का निवासी

करंट क्राइम। पुलिस ने बताया है कि पकड़ा गया आरोपी अनूप सिंह मूलरूप से हरियाणा का रहने वाला है। अनूप सिंह छठी पास है और ड्राइवर का काम करता है। उसको शराब तस्करी और इसकी खेप पहुंचने में अच्छे पैसे मिलते हैं। पुलिस ने बताया है कि मार्च 2023 में अनूप जनपद समस्तीपुर बिहार से अवैध शराब तस्करी में जेल भी गया था। जेल से आने के बाद यह रामनिवास और भोले के संपर्क में आए और भोला और रामनिवास की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश देने का काम कर रही है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूँ क्रांतिकारी विधानसभा वाले कसाना जी की दावेदारी का फसाना ? अगर आने वाला चुनाव लोकसभा के अलावा विधानसभा, नगर पालिका या नगर पंचायत का होता तो आपको भरपूर दिखाई देता गुर्जर नेता की दावेदारी का तराना ? बात सीधी से है और है एक दम है फाइन ? जिस रास्ते जाना नहीं होता वहाँ पर कसाना जी वेस्ट नहीं करते है टाइम ? इस लिये हमेशा रहती है उनके चेहरे पर गुलाबी सी शाइन ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात आप गहराई से नोट कर रहे भाईसाहब ? दावेदारी का क्रिटिकल टाइम चल रहा है ? अभी भी जनरली सभी जनप्रतिनिधि नजर नहीं आ रहे है एक साथ ? अभी भी दोनों और से खुलकर दिया जा रहा है दूरियों का संदेश ? कहने वाले ने कहा, कम से कम इस टाइम पर तो खत्म होना चाहिए ये वाला क्लेश ? इस वक़्त तो आ ही जाना चाहिए सभी को गाज़ियाबाद की चिंता करते हुए एक साथ ? पार्टी आलाकमान तक इस वक़्त यही संदेश जाना चाहिए कि छोड़कर पुराने सभी दर्द भरे कि स्से ? हम सब की हो गई है एक ही बात ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कमांडर के दोस्त पहलवान ने परंपरा का ध्यान रखते हुए बना लिया है शहीद दिवस का फिर से प्रोग्राम ? मगर हमे अंदर से पता चली है बात ? उन्होंने कार्यक्रम को लेकर बनाये गये कुछ फ्लेक्स करा दिये है होल्ड ? जिन फ्लेक्स को छापने से रुकवाया गया है ? उसमे एक चेहरे को छापने के लिए स्पेस छोड़ा गया है बोल्ड ? मिस्टर पहलवान कर रहे है बस इस बात का इंतजार ? जैसे ही हो जायेगी लोकसभा वाले उम्मीदवार की घोषणा ? उस घोषित चेहरे का फोटो होल्ड वाले फ्लेक्स पर चस्पा कर देंगे कमांडर के यार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूँ अंदर की बात ? तरुण जी के ही खास वाले रिश्ते नहीं है अरुण जी से ? हमे पता है एक भगवा पंजाबी चेहरे के दिल में भी अरुण जिनके लिए है स्पेस खास ? ये स्पेस अभी से नहीं हुआ है तैयार ? भगवा पंजाबी चेहरे मंदे जमाने के राजनीति से करते है अरुण जी से बहुत ज्यादा प्यार ? यही वजह है कि शायद उन्होंने थाम लिया है अपना प्रचार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूँ बात सौ प्रतिशत गंभीर ? टारगेट इधर का हो या उधर का ? कही तो जाकर निशाने पर लगेगा अग्रवाल जी का तीर ? आप उनके चेहरे की ताजगी और मुस्कुराहट देखकर कर सकते हो एक बात आसानी से नोट ? हाईकमान के किसी बहुत बड़े चेहरे से मिल रहा है उनको बहुत ही बड़ा वाला सपोर्ट ? अभी भी लोकसभा चुनावों वाली कहानी में बने हुए है अनिल अग्रवाल ? हमे याद रखनी चाहिए एक बात, ये वो चेहरे है जो जीत गये थे विपरीत परिस्तिथियों में राज्यसभा चुनाव ? जब एक समय गये थे ये एमएलसी चुनाव हार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात हमको समझ नहीं आ रही है श्रीमान ? आखिर तीन दिनों से मंत्री जी के साथ लखनऊ में क्या कर रहे है वो दो चेहरे जो रखते है विधानसभा में विशेष पहचान ? ऐसा लगा रहा है ये सब एक साथ लगा रहे है किसी के लिये फील्डिंग ? हमारी समझ में नहीं आ रहा इनका प्रदेश की राजधानी में इतने दिन रुकने वाला मसौदा ? लग रहा है कुछ तो असर दिखाएगा इनका डेरा सच्चा सौदा ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोग पता नहीं क्यों किसे मिलेगा संसद का टिकट ? इस बात को जानने के लिए क्यों लगा रहे हैं अपने दिमाग पर जोर ? वो एक बार जायसवाल जी को विश्वास में ले लें ? उन्हें अंदर की बात पता चल जाएगी सौ प्रतिशत श्योर ? बस बात को जानने की चाहत रखने वाले थोड़ा फ्लेशबैक में जाने के लिए लगाए अपने दिमाग पर जोर ? उनके घर पर कुछ महीने पहले हुई थी एक बड़े चेहरे की दस्तक ? इस चेहरे का मिलता है जायसवाल की को विशेष आशीर्वाद ? टटोल कर देखो तो सही उनको ? सारी तस्वीर हो जाएगी साफ ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर में चल रही है ये चर्चा? गुप्ता जी ने ले लिया वीआरएस जब नही भरने दिया उन्हे मेंबरी वाला पर्चा? सुना है अब वो नही लेते हैं कोई इंटरेस्ट इन आयाम,? अब वो रखते हैं केवल अपने काम से काम? जब उन्हें जरूरत थी तब नही आया कोई उनके काम? वो रात को गए थे पार्टी दफ्तर पर लगाने कोई इल्जाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वार्ड वाले मैम्बर पापा नहीं चाहते हैं कि इनके प्रिय बेटे दें बहुत ज्यादा स्टूडेंट वाली परिषद को टाइम? वो चाहते हैं कि उनका सन मौहल्ले की राजनीति में ही करे खुद को फाईन? वो करा रहे हैं सुपुत्र को आने वाली राजनीति का एहसास? कह रहे हैं कि वार्ड में ही तुम्हारा भविष्य उज्जवल है बेहिसाब? मैं तैयार कर रहा हूं तुम्हारे लिए सारी जमीन? मजबूती इतनी मिलेगी ना लेखपाल कुछ बिगाड़ पायेगा ना ही बिगाड़ पायेगा अमीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर हर पारी खेलने को दिख रहे हैं तैयार? अगर संगठन वाला मामला नहीं बना तो वो आयोग में भी जाने को हैं तैयार? सुना है अंदारखाने वो ओबीसी वाले आयोग में जाने की कर रहे हैं तैयारी? इसके अलावा जीडीए वाली मैम्बरी पर भी उनकी दिख रही है दावेदारी? कहने वाले ने कहा नागर साहब स्मार्ट हैं कुछ ना कुछ तो आयेगा उनके हाथ? यूं ही नहीं कही है उन्होंने अपने खास लोगों से अपने दिल की बात?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# गाजियाबाद 311 ऐप से निगम करा रहा है त्वरित कार्रवाई, शहरवासियों को मिल रहा है लाभ


## समस्याओं के निस्तारण हेतु विभाग प्राथमिकता पर करें कार्रवाई: नगर आयुक्त
## जन समस्याओं का समाधान हो रहा आसान




गाजियाबाद,करंट क्राइम। 311 एप से शहर की समस्याओं के समाधान को गति मिल रही है, गाजियाबाद नगर निगम की टीम त्वरित कार्यवाही के क्रम में कार्य कर रही है। गाजियाबाद 311 पर आन वाले संदर्भों पर समस्त विभाग कार्यवाही कर रहे हैं जिसकी लगातार मॉनिटरिंग चल रही है। शहर के प्रत्येक नागरिक के मोबाइल पर गाजियाबाद नगर निगम का गाजियाबाद 311 एप डाउनलोड करने को लेकर भी अभियान के रूप में जागरूक किया जा रहा है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद 311 ऐप पर जन समस्याओं का समाधान आसान हो रहा हो। क्षेत्रीय पार्षद भी गाजियाबाद में नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं।पार्षदों के अलावा भी क्षेत्रीय निवासी गाजियाबाद 311 ऐप पर शिकायतों को डालकर उनका समाधान प्राप्त कर रहे हैं। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि लगभग 200 से अधिक शिकायतें प्रतिदिन प्राप्त हो रही हैं जिनके समाधान पर संबंधित टीम कार्य कर रही है। विभागीय अधिकारियों को भी लगातार गाजियाबाद 311 ऐप पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं जिसके क्रम में सुदृढ़ता से कार्य हो रहा है, सफाई संबंधित संदर्भ के अलावा रोड रिपेयर, कैटल कैचिंग,





संपत्ति, नाम परिवर्तन, व अन्य संदर्भों पर तत्काल कार्यवाही कराई गई है। संबंधित एप के माध्यम से शहर वासियों के सुझाव भी गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त हो रहे हैं जिन पर शहर हित में बेहतर कार्य करने की योजना बनाई जाएगी।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि समस्त विभागीय अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित विषयों पर तत्काल कार्यवाही करा रहे हैं, मॉनिटरिंग के लिए कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से शहरवासी गाजियाबाद 311 ऐप पर अपने विचार रख रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद भी अपने-अपने क्षेत्र में शहरवासियों के सहयोग के लिए गाजियाबाद 311 एप डाउनलोड करा रहे हैं, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी शहरवासियों की मदद कर रहे हैं। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर की समस्याओं के समाधान पर तत्काल कार्यवाही हो रही है।

## संपादकीय

# विरोध के लिए सीएए का विरोध

भारत में रह रहे शरणार्थियों को अपने मूल देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उनके सामने विकल्प थे या तो धर्मांतरण कर लो या मर जाओ या देश छोड़ दो। उन्होंने देश छोड़ कर भारत में शरण ली लेकिन यहां की नागरिकता नहीं होने के चलते उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। यही नहीं कोई उन्हें काम पर भी नहीं रखता क्योंकि वह अपनी पहचान साबित नहीं कर सकते। ऐसे में कम पैसों में ज्यादा मजदूरी करके वह किसी तरह अपना पेट पालते हैं, उनके बच्चों का स्कूल में एडमिशन नहीं होता और जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भी इलाज में परेशानी होती है क्योंकि उनकी कोई पहचान नहीं है। जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें से एक ने भी इस कानून के नियमों को पूरी तरह से पढ़ा है? जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें जरा भी मानवता नहीं है? जो लोग कह रहे हैं कि इसमें पड़ोसी देशों के मुस्लिमों को क्यों नहीं शामिल किया गया क्या वह इस बात को नहीं जानते कि मुस्लिमों को इस्लामिक देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जाता? अगर वह वहां किसी तरह परेशान भी हैं तो दुनिया में कई इस्लामिक देश हैं जहां वह बस सकते हैं। लेकिन हिंदुओं के लिए हिंदू बहुलता वाला एक ही देश भारत है जहां वह आ सकते हैं। जो लोग कह रहे हैं कि सीएए में मुस्लिमों को शामिल नहीं कर भारत के संविधान का उल्लंघन किया गया है, उन्होंने शायद गृह मंत्रालय का बयान नहीं पढ़ा है। इसके अलावा, भारत कैसे सभी धर्मों को साथ लेकर चलता है और कैसे अपने अल्पसंख्यकों का खास ख्याल रखता है, इसे आप इस बात से भी समझ सकते हैं कि भारत में अल्पसंख्यक मामलों के लिए अलग से मंत्रालय है। यही नहीं, भारत में वक्फ एक्ट के तहत मुस्लिमों के लिए अलग से भूमि अधिकार कानून है। साथ ही भारत में आर्टिकल 30 के तहत अल्पसंख्यकों के लिए विशेष धार्मिक शिक्षा अधिकार कानून है। यही नहीं भारत में एचआरसीई एक्ट के तहत मंदिरों की संपत्ति और प्रबंधन से जुड़े तमाम अधिकार राज्य सरकारों के हाथ में हैं मगर किसी अन्य धर्म से जुड़े स्थलों पर सरकार का किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। जिसके मन में सीएए को लेकर जरा भी शक है उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान को पढ़ना चाहिए जिसमें कहा गया है कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) पर भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून का भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं। मंत्रालय ने सीएए के संबंध में मुसलमानों और छात्रों के एक वर्ग की आशंका को दूर करने की कोशिश करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि इस कानून के बाद किसी भी भारतीय नागरिक को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करने के लिए नहीं कहा जाएगा। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून में उनकी नागरिकता को प्रभावित करने वाला कोई प्रावधान नहीं है। बयान में कहा गया है कि नागरिकता कानून का वर्तमान 18 करोड़ भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है, जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं। हम आपको बता दें कि गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि उन तीन मुस्लिम देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के कारण पूरी दुनिया में इस्लाम की छवि बुरी तरह खराब हुई है। हालांकि, इस्लाम एक शांतिपूर्ण धर्म होने के नाते, कभी भी धार्मिक आधार पर घृणा, हिंसा, उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता है। गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया कि यह कानून अत्याचार के नाम पर इस्लाम की छवि खराब होने से बचाता है। कानून की आवश्यकता बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि भारत का अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ प्रवासियों को इन देशों में वापस भेजने के लिए कोई समझौता नहीं है। बयान में कहा गया है कि यह नागरिकता कानून अवैध प्रवासियों के निर्वासन से संबंधित नहीं है। इसलिए मुसलमानों और छात्रों सहित लोगों के एक वर्ग की चिंता अनुचित है कि सीएए मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6, जो प्राकृतिक आधार पर नागरिकता से संबंधित है, के तहत दुनिया में कहीं से भी मुसलमानों के लिए भारतीय नागरिकता प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं है। सीएए लाने के औचित्य पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि उन तीन देशों के उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के प्रति सहानुभूति दशार्ने के लिए यह कानून, भारत की उदार संस्कृति के अनुसार उनके सुखी और समृद्ध भविष्य के लिए उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का अवसर देता है। बयान में कहा गया है कि नागरिकता प्रणाली में जरूरत के अनुसार बदलाव लाने और अवैध प्रवासियों को नियंत्रित करने के लिए इस कानून की आवश्यकता थी। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह कानून किसी भी मुस्लिम को मौजूदा कानूनों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है, जिसे इस्लाम के अपने तौर-तरीकों का पालन करने के लिए उन तीन इस्लामिक देशों में उत्पीड़न का सामना करना पड़ा हो।

सीएए लागू किये जाने पर हिंदू-सिख शरणार्थियों में खुशी का माहौल है। पहचान मिलने की उम्मीद की खुशी में शरणार्थियों का कहना है कि यह उनके लिए पुनर्जन्म की तरह है। कई कई दशकों से भारत में रह रहे शरणार्थियों को अब उम्मीद है कि सबसे बुनियादी चीज 'पहचान' उन्हें मिलने के बाद उनके और उनके बच्चों के लिए आगे का जीवन आसान हो जायेगा। विरोधियों को केवल और केवल सरकार का विरोध करना है इसलिए वह सीएए का विरोध कर रहे है।

# आपको भी भारी-भरकम एडवांस टैक्स जमा करवाने का मैसेज मिला है?

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा है कि रिपोर्टिंग इकाई को संशोधित जानकारी देने के लिए के लिए कहा गया है। इसके बाद, एआईएस पर डेटा अपडेट किया जाएगा। ऐसे में सीबीडीटी की ओर से करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे संशोधित बयान के आधार पर एआईएस पर आगे के अपडेट की प्रतीक्षा करें। यदि आपको भी आयकर विभाग से अधिक एडवांस टैक्स जमा कराने का मैसेस मिला है तो यह एक गड़बड़ी के कारण हुआ है। विभाग ने इस मामले में करदाताओं को अगले अपडेट तक रुकने के लिए कहा है। एडवांस टैक्स जमा करने की आखिरी तारीख शुक्रवार यानी 15 मार्च हैं, ऐसे में विभाग ने कहा है कि इस गड़बड़ी को जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। विभाग के अनुसार वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में कुछ वित्तीय लेनदेन की गलत रिपोर्टिंग के कारण यह एक त्रुटि आई है।

**क्या है पूरा मामला :** आयकर विभाग की ओर से करदाताओं को चालू वित्त वर्ष के दौरान किए गए वित्तीय लेनदेन के अनुसार टैक्स के भुगतान के लिए एक अभियान की शुरूआत की गई। हालांकि विभाग की ओर से इसके लिए जो एआईएस जारी किया उसमें गड़बड़ी की खबरें आनी लगी और स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। इसके एक दिन बाद विभाग ने करदाताओं को सलाह दी है कि वे आंकड़ों के अपडेट होने का इंतजार करें। अग्रिम कर के लिए शुरू ई-अभियान के दौरान करदाताओं से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर विभाग ने प्रतिभूति बाजार (एसएफटी-17) के आंकड़ों में कुछ गड़बड़ियों की पहचान की है।

**एआईएस क्या है?**

पिछले कुछ वर्षों में, आयकर अधिकारी करदाताओं को स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए अपने एआईएस को देखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एआईएस फॉर्म 26एएस का विस्तार है, जिसमें वित्तीय वर्ष के दौरान संपत्ति खरीद, उच्च मूल्य के निवेश और टीडीएस और टीसीएस आदि लेनदेन का विवरण होता है। एआईएस में करदाता के बचत बैंक खाते और जमा, लाभांश, प्राप्त किराया, प्रतिभूतियों और अचल संपत्तियों की खरीद और बिक्री से जुड़े लेनदेन और विदेशों से लेनदेन के आंकड़े शामिल रहते हैं।




**एआईएस के आंकड़ों में क्या गड़बड़ी सामने आई?**

आयकर विभाग की ओर से जारी एआईएस के आंकड़ों में कुछ अतिरिक्त शून्य दिख रहे थे। चार्टर्ड अकाउंटेंट चिराग चौहान ने सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा था कि शेयरों की बिक्री से जुड़े कई मामलों के आंकड़ों में दो अतिरिक्त शून्य दिख रहे थे। आईटीसी के 450 रुपये के शेयरों का बिक्री भाव बिक्री 45,000 लिखा गया था। वहीं 1.2 करोड़ रुपये की संपत्ति को एआईएस में 12 करोड़ रुपये के रूप में दिखाया गया था। इस तरह इन त्रुटिपूर्ण आंकड़ों के कारण कई करदाताओं को अनावश्वक रूप से भारी-भरकम कर देनदारी बनती है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि डेटा की जांच की गई थी, और परीक्षण चलाने के दौरान गड़बड़ियां दिखाई नहीं दीं। हालांकि विभाग ने कहा है कि समस्या जल्द से जल्द ठीक हो जाएगी, इसके लिए युद्ध स्तर किए जा रहे हैं। अग्रिम कर की चौथी और अंतिम किस्त शुक्रवार तक भुगतान की जानी है और अधिकारियों को उम्मीद है कि यह मुद्दा जल्द ही सुलझ जाएगा।

**अब करदाताओं को क्या करना चाहिए?**

आयकर विभाग ने कहा है कि रिपोर्टिंग इकाई को संशोधित जानकारी देने के लिए के लिए कहा गया है। इसके बाद, एआईएस पर डेटा अपडेट किया जाएगा। ऐसे में सीबीडीटी की ओर से करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे संशोधित बयान के आधार पर एआईएस पर आगे के अपडेट की प्रतीक्षा करें। चूंकि अग्रिम कर का भुगतान करने की नियत तारीख 15 मार्च, केवल चार दिन दूर है, इसलिए करदाताओं को वित्तीय वर्ष के दौरान अपने वास्तविक लेनदेन के आधार पर अग्रिम कर देनदारी की सावधानीपूर्वक गणना करने के लिए कहा गया है, न कि एआईएस के आधार पर।

आयकर एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) या सीडीएसएल और टैक्स डिपार्टमेंट के बीच डेटा शेयरिंग में गड़बडी के कारण यह समस्या पैदा हुई, जिसमें कई यूजर्स ने बताया कि उनके लेनदेन में एक या दो शून्य अतिरिक्त हो गए थे। ऐसे में उनके लिए एडवांस टैक्स की गणना की गई थी वह काफी ज्यादा थी। सीए शुभम सिंघल के अनुसार, करदाताओं को मांगे गए कर का भुगतान करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। उन्हें मौजूदा तिमाही के अग्रिम कर की गणना करते समय एआईएस को नजरअंदाज करना चाहिए।

# दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी

## 8400 करोड़ रुपये होंगे खर्च, कैबिनेट में फैसला



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी दी है। पहला कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगा। इसकी लंबाई 8.4 किलोमीटर होगी। वहीं, दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच होगा जिसकी लंबाई 12.4 किलोमीटर होगी। इन दोनों कॉरिडॉर का काम मार्च 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इन पर 8400 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बुधवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि पहला कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगा। इसकी लंबाई 8.4 किलोमीटर होगी। वहीं, दूसरा कॉरिडोर इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ के बीच होगा जिसकी लंबाई 12.4 किलोमीटर होगी। इन दोनों कॉरिडॉर का काम मार्च 2029 तक पूरा कर लिया जाएगा।

**क्या होगी दिल्ली मेट्रो के दो नए प्रस्तावित कॉरिडोर की खासियत?**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि लाजपत नगर से साकेत के बीच बनने वाला मेट्रो ब्लॉक सिल्वर, मेजेंटा, पिंक और वायलट लाइन्स को जोड़ेगा। इस पर आठ स्टेशन होंगे और यह पूरी तरह से एलिवेटेड होगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इंद्रलोक और इंद्रप्रस्थ के बीच बनने वाले 12.377 किलोमीटर के कॉरिडोर के जरिए ग्रीन लाइन का एक्सटेंशन किया जाएगा। इसके यात्रियों को रेड, यलो, एयरपोर्ट लाइन, मेजेंटा, वॉयलट और ब्लू लाइन से इंटरचेंज करने की सुविधा मिलेगी। इस कॉरिडोर के जरिए हरियाणा के बहादुरगढ़ रीजन के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर- तुम इतनी देर से स्कूल क्यों आए हो?
बच्चा- मम्मी-पापा लड़ रहे थे।
टीचर- वो लड़ रहे थे तो तुम क्यों देर से आए?
बच्चा- मेरा एक जूता मम्मी के पास और दूसरा जूता पापा के पास था।

---

चिंटू सुबह सुबह मंदिर गया...
बाबा- बेटा 10 रुपए दे दे...
चिंटू ने 10 रुपए दे दिए...
बाबा- बाबा तुझसे खुश हुआ बच्चा, मांग क्या मांगता है?
चिंटू- 20 रुपए दे दे, बाबा बेहोश।

---

टीचर- अस्पताल का क्या मतलब होता है?
छात्र- सर स्वर्ग की ओर जाने वाले रास्ते में जो टोल टैक्स आता है, उसे ही अस्पताल कहते हैं।

---

डॉक्टर- तुम गटर में कैसे गिर गए?
शराबी- बदकिस्मती है क्या बताऊं.. गटर का ढक्कन खुला था, मुझे लगा Social Distencing वाला गोला है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ जो अब 100,000 तारों को पार कर चूका होंगा।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- हर घंटे Universe सभी दिशाओ में 1 billion miles से भी ज्यादा फैल जाती है। 2000 किमी दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।

# गौतम अदाणी ने की सरकार की तारीफ; बोले- दूरदर्शी नीतियों के चलते हम वैश्विक विकास में सबसे आगे

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने बुधवार को मुंबई में एक निजी समारोह मे शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन के दौरान अपने बचपन को याद किया। अहमदाबाद के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले और वर्तमान में दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी ने इस दौरान व्यापार के उन मंत्रों के बारे में बात करते हैं जिन्होंने उन्हें सफल होने में मदद की है। शुरूआती दिनों को किया याद निजी समारोह में बोलते हुए गौतम अदाणी ने बताया कि उनकी परवरिश दो जगहों बनासकांठा के रेगिस्तान और अहमदाबाद के चॉल में हुई। उन्होंने कहा कि रेगिस्तान से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं कि कैसे जीवन अपने बंजर रूप में हमें अपने तरीके से अनुकूलन करने के लिए मजबूर करता है। गौतम अदाणी ने कहा कि बनासकांठा की चिलचिलाती गर्मी और धूल भरी हवा ने मुझे लचीलापन सिखाया। उन्होंने कहा कि रिश्तों, मानवता और किसी जरूरतमंद की मदद करने की भावनाएं मेरे जीवन के अनुभव से मुझे मिली हैं। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा प्रभावित किया है। मुंबई एक अनोखी जगह- गौतम अदाणी अपने संबोधन में गौतम अदाणी ने बताया कि उन्होंने मुंबई में हीरे के कारोबार में चार साल तक काम किया। उन्होंने कहा कि मुंबई एक अनोखी जगह है। यह एक ऐसा शहर है जहां हर दिल की धड़कन गूंजती है। वास्तव में मुंबई ने मुझे बड़ा सोचने और बड़े सपने देखना सिखाया। आगे उन्होंने कहा कि इसके बाद, जब मैं 19 साल का होने वाला था और मुंबई में बसने वाला था, मेरे जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आया। मेरे बड़े भाई ने एक छोटे पैमाने की पीवीसी फिल्म फैक्ट्री चलाने में सहायता करने के लिए मुझे वापस अहमदाबाद बुलाया।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# आर अश्विन ने छीना जसप्रीत बुमराह का नंबर-1 का ताज



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज का ताज छिन गया। लेकिन इंडियन फैंस के लिए खुशखबरी ये है कि ये तमगा आर अश्विन ने छीना है। धर्मशाला में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था, जो अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच भी था।

आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। वहीं इंडिया वर्सेस इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाज और ऑलराउंडर की रैंकिंग में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज का ताज छिन गया। लेकिन इंडियन फैंस के लिए खुशखबरी ये है कि ये तमगा आर अश्विन ने छीना है। धर्मशाला में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच खेला गया था, जो अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच भी था। अश्विन ने इस मैच को यादगार बनाते हुए नौ विकेट चटकाए और इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिला। आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों रैंकिंग में अश्विन के अलावा कुलदीप यादव को भी जबर्दस्त फायदा मिला है। वहीं जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं।

अश्विन 870 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। वहीं 847-847 रेटिंग पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं। रविंद्र जडेजा टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में सातवें पायदान पर बने हुए हैं। वहीं कुलदीप यादव को 15 पायदान का फायदा मिला है और वह 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से टॉप 20 टेस्ट गेंदबाज में भारत के चार गेंदबाज शामिल हैं। आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग की बात करें तो केन विलियमसन टॉप पर बने हुए हैं, वहीं जो रूट दूसरे पायदान पर ही हैं। बाबर आजम को दो पायदान का फायदा मिला है और वह तीसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद डेरेल मिचेल और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पांच पायदान का फायदा मिला है और वह पांचवें नंबर पर आ गए हैं। रोहित शर्मा ने धर्मशाला टेस्ट में शतक ठोका था।

यशस्वी जायसवाल को भी दो पायदान का फायदा मिला है और वह आठवें नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली एक पायदान फिसलकर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। धर्मशाला टेस्ट में शतक लगाने वाले शुभमन गिल को भी रैंकिंग में दमदार फायदा मिला है। 11 पायदान की लंबी छलांग लगाकार गिल 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# दिल्ली या मुंबई, किसको मिलेगा फाइनल का टिकट?

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन अपने चरम की ओर बढ़ रहा है। दो टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं जबकि आरसीबी एलिमिनेटर मैच खेलने के लिए तैयार है। आज इस टूर्नामेंट का आखिरी लीग मैच खेला जाएगा। गुजरात और दिल्ली के बीच यह मैच अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली ने अब तक खेले सात मैचों में पांच में जीत दर्ज की है जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, मुंबई को आठ मैचों में से तीन में मुंह की खानी पड़ी है। दिल्ली के लिए आज का मैच अहम इस मुकाबले में मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम की नजर फाइनल में प्रवेश करने पर होगी। अगर टीम जीत जीत हासिल करने में कामयाब होती है तो उसे सीधे फाइनल का टिकट मिल जाएगा। वहीं, अगर दिल्ली को गुजरात से करीबी हार का सामना करना पड़ता है तो भी टीम फाइनल में प्रवेश कर सकती है। दरअसल, 10 अंक और +0.918 के नेट रनरेट के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं, मुंबई इतने ही अंक और +0.024 के नेट रनरेट के साथ दूसरे स्थान पर है। दो टीमें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में दो टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं। इनमें यूपी वॉरियर्स और गुजरात जाएंट्स शामिल है। अंक तालिका में दोनों क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर बनी हैं। आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

## आईपीएल से पहले दिल्ली को लगा बड़ा झटका, चार करोड़ी बल्लेबाज हुआ बाहर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 से पहले दिल्ली कैपिटल्स को तगड़ा झटका लगा है। स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने निजी कारणों का हवाला देते हुए आगामी टूनार्मेंट से नाम वापस ले लिया है। इससे पहले युवा खिलाड़ी ने भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज से भी अपना नाम वापस ले लिया था। इंग्लैंड टीम प्रबंधन और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने खिलाड़ी और उसके परिवार के लिए गोपनीयता की मांग की थी। आईपीएल के 17वें संस्करण की शुरूआत 22 मार्च से होगी जिसका पहला मुकाबला सीएसके और आरसीबी के बीच खेला जाएगा। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स अपने अभियान की शुरूआत 23 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से करेगी। इससे पहले टीम को बड़ा झटका लगा है। पिछले सीजन में नहीं चला बल्ला 25 वर्षीय खिलाड़ी को दिल्ली ने चार करोड़ की मोटी रकम खर्च करके इस साल नीलामी में टीम में शामिल किया था। हालांकि, टूनार्मेंट की शुरूआत से पहले इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज ने अपना नाम वापस ले लिया। पिछले सीजन में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 11 मैचों में एक शतक की मदद से 190 रन बनाए थे। उन्हें 13.25 करोड़ की मोटी रकम खर्च करके टीम का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वह अपनी कीमत के साथ न्याय नहीं कर पाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने वाले अंग्रेजी खिलाड़ियों की इस प्रवृत्ति से आईपीएल फ्रेंचाइजियों में नाराजगी है। उनका तर्क है कि इस तरह की अप्रत्याशित और अचानक वापसी से उनकी नीलामी योजना बाधित होती है। आईपीएल फ्रेंचाइजी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ इस मुद्दे को सुलझाने पर विचार कर रही हैं। ब्रूक से पहले तीन अन्य खिलाड़ी वापस ले चुके नाम एक फ्रेंचाइजी अधिकारी ने कहा, एक बार जब खिलाड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण करा लेते हैं।

# फिर से डेब्यू कर रहा... आईपीएल 2024 के लिए दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत को बीसीसीआई ने आईपीएल में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। पंत 14 महीने पहले एक दर्दनाक कार दुर्घटना में काफी चोटें लगी थी। जिसके बाद वह काफी समय तक बेड रेस्ट पर थे और उसके बाद उनके पैर में लगी चोट के कारण वह लंबे समय तक बैसाखी के सहारे चल रहे थे। हालांकि, अब वह पूरी तरह फिट हैं और आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे।



भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को बीसीसीआई ने मंगलवार को आईपीएल में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। पंत 14 महीने पहले एक दर्दनाक कार दुर्घटना में काफी चोटें लगी थी। जिसके बाद वह काफी समय तक बेड रेस्ट पर थे और उसके बाद उनके पैर में लगी चोट के कारण वह लंबे समय तक बैसाखी के सहारे चल रहे थे। हालांकि, अब वह पूरी तरह फिट हैं और आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कैंप में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा नर्वस हैं और उन्हें लग रहा है कि वह फिर से डेब्यू करने जा रहे हैं। ऋषभ पंत 13 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए।

ये विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होगा। पंत ने कहा कि, मैं उत्साहित और नवर्स हूं। ऐसा लग रहा है कि मैं दोबारा डेब्यू करने जा रहा हूं। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति ने कहा कि, मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों तथा विशेष रूप से बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं, उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी करने को लेकर उत्साहित हूं। ये ऐसा टूनार्मेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ को उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा पूरा समर्थन किया जिसके लिए मैं उनका तहेदिल से आभारी हूं।

# आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो, धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब

**नई दिल्ली।** जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी।



इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने वाले कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

आईपीएल के सूत्रों ने कहा, पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस बीच के पंजाब किंग्स के क्रिकेट निदेशक नियुक्त किए गए संजय बांगड़ टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका भी निभाएंगे। इस तरह से पंजाब किंग्स ने वसीम जाफर से नाता तोड़ दिया है जो पिछले सत्र में टीम के बल्लेबाजी कोच थे। आईपीएल का अभी पूरा कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है लेकिन पिछले सत्र की तरह पंजाब की टीम अपने अंतिम दो घरेलू मैच धर्मशाला में खेल सकती है। पंजाब अपने अन्य पांच घरेलू मैच मोहाली में खेलेगा।

# भारत को पहली बार मिली एशियाई वेटलिफ्टिंग की मेजबानी

## चैंपियनशिप कराने के लिए गुजरात आया आगे

**नई दिल्ली।** भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव के अनुसार ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में हुई एशियाई चैंपियनशिप के दौरान उन्होंने एशियाई वेटलिफ्टिंग के लिए बोली लगाई, जिसे मंजूर कर लिया गया। भारत को पहली बार एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इस चैंपियनशिप को कराने के लिए गुजरात आगे आया है।



यह चैंपियनशिप में 2026 में अहमदाबाद या गांधीनगर में आयोजित की जाएगी। भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव के अनुसार ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में हुई एशियाई चैंपियनशिप के दौरान उन्होंने एशियाई वेटलिफ्टिंग के लिए बोली लगाई, जिसे मंजूर कर लिया गया। उन्होंने सोमवार को गुजरात सरकार में प्रमुख सचिव अश्वनी कुमार के समक्ष चैंपियनशिप कराने का प्रस्ताव रखा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। गुजरात सरकार ने आश्वासन दिया है कि उनकी ओर से चैंपियनशिप का सारा खर्च उठाया जाएगा। इसमें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 41 लाख रुपये) की बोली का खर्च भी शामिल है। भारत यह चैंपियनशिप 2018 में भी कराने जा रहा था, लेकिन इसका आयोजन नहीं हो सका। अब तक देश में सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित नहीं हुई है। सहदेव का कहना है कि इस चैंपियनशिप के बाद वह 2027 की विश्व चैंपियनशिप के लिए भी बोली लगाएंगे। एशियाई चैंपियनशिप में चीन, इंडोनेशिया, उत्तर कोरिया, जापान जैसे वेटलिफ्टिंग के पावरहाउस देश शिरकत करेंगे।

# भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने पैरा विश्व कप में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** भारत पैरा निशानेबाजी विश्व कप के चौथे दिन मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (एसएच1) टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह मौजूदा विश्व कप में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक हैं। सोमवार को मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) वर्ग में रजत पदक जीता था। रुद्रांश, निहाल सिंह और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक जीता था।



भारत ने मंगलवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के चौथे दिन मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (एसएच1) टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह मौजूदा विश्व कप में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक हैं। रुद्रांश खंडेलवाल (364), आकाश (346) और संदीप कुमार (340) की टीम 1050 के कुल स्कोर के साथ दक्षिण कोरिया (1037) से आगे रही, जबकि चीन (1019) तीसरे स्थान पर रहा। इसी श्रेणी के व्यक्तिगत वर्ग में, रुद्रांश को कोरिया के किम जुंगनाम के साथ बराबरी पर रहने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोरिया के निशानेबाज ने अधिक इनर 10 (बुल्सआई के निकटतम) के आधार पर जीत हासिल की। रुद्रांश हालांकि इस तथ्य से उत्साहित हो सकते हैं कि उन्होंने इस श्रेणी में विश्व जूनियर रिकॉर्ड स्थापित किया। उन्होंने मंगलवार को दो पदक जीत कर अपने कुल पदकों की संख्या चार (एक स्वर्ण, तीन रजत) कर ली। उन्होंने सोमवार को मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) वर्ग में रजत पदक जीता था। रुद्रांश, निहाल सिंह और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम में रजत भी जीता था।

## राज्य इकाइयों के विदेशी क्रिकेट बोर्ड से सीधे गठजोड़ करने पर रोक लगा सकता है बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई अभ्यास शिविर आयोजित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर उसके माध्यम से आगे बढ़ें। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर आयोजित करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस मामले में 18 मार्च को होने वाली बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला लिया जाएगा।



बीसीसीआई को यह फैसला करने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकिदिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी करने के लिए बातचीत की है। इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड की तरफ से प्रस्ताव मिला है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं लेकिन इस तरह की साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है।

सभी प्रस्ताव बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की जाएगी।

# एएफसी ने भट्टाचार्जी से सबूत मांगे, एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पर लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

**नई दिल ली।** भट्टाचार्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि चौबे ने निविदा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता नहीं बरती और उन्होंने व्यक्तिगत खर्चों के लिए महासंघ से पैसा निकालने का प्रयास किया। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अपदस्थ प्रमुख कानूनी सलाहकार नीलांजन भट्टाचार्जी से राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के सबूत सौंपने को कहा है। एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे ने इस संबंध में छह मार्च को भट्टाचार्जी को कानूनी नोटिस भेजा था।



### भूटिया ने भी चौबे से मांगा इस्तीफा

पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने भी इस मामले में प्रतिक्रिया करते हुए चौबे से त्यागपत्र देने के लिए कहा। भूटिया ने कहा, 'एआईएफएफ प्रशासन को लेकर कई नकारात्मक बातें कही जा रही हैं। एएफसी ने कल्याण के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर संज्ञान लिया है और हो सकता है कि एएफसी जांच शुरू करना चाहता हो। इससे भारतीय फुटबॉल की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।' उन्होंने कहा, 'एआईएफएफ प्रशासन में कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है।

### 18 मार्च तक रिपोर्ट पेश करने को कहा

भट्टाचार्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि चौबे ने निविदा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता नहीं बरती और उन्होंने व्यक्तिगत खर्चों के लिए महासंघ से पैसा निकालने का प्रयास किया। एएफसी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए भट्टाचार्जी को 18 मार्च तक पूर्ण लिखित रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा।

एएफसी के लिसाट ने भट्टाचार्जी को लिखा पत्र एएफसी अनुशासन और नैतिकता समिति के उप सचिव बैरी लिसाट ने मंगलवार को भट्टाचार्जी को संबोधित पत्र में कहा, 'हम संलग्न मीडिया रिपोर्टों के संदर्भ में आपको यह पत्र लिख रहे हैं, जिनसे पता चलता है कि आपने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।' उन्होंने कहा, 'इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए एएफसी को 18 मार्च 2024 तक पूर्ण लिखित रिपोर्ट पेश करें।'

लिसाट ने बिना सबूत आरोप लगाने पर लगाई फटकार पत्र में कहा गया है, 'ऐसी रिपोर्ट में (बिना किसी सीमा के) आरोपों का संपूर्ण विवरण, ऐसे आरोपों की पुष्टि करने के लिए सबूत, एआईएफएफ (या किसी अन्य निकाय/व्यक्ति) पर आरोपों के मामले में आपके द्वारा उठाए गए कदम और इससे संबंधित कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी या दस्तावेज शामिल होने चाहिए।'

### चौबे ने भट्टाचार्जी के आरोपों का आधारहीन बताया था

चौबे ने इन आरोपों को आधारहीन करार देकर भट्टाचार्जी पर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया था। वहीं, भट्टाचार्जी ने एएफसी के पत्र पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह निर्धारित समय के अंदर अपना जवाब सौंप देंगे। भट्टाचार्जी ने पीटीआई से कहा, 'मैं खुश हूं क्योंकि कम से कम एएफसी ने मेरे आरोपों पर संज्ञान लिया जबकि एआईएफएफ के भीतर कुछ लोगों को छोड़कर बाकी ने चुप रहना ही उचित समझा।

# उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच, 123वें नंबर के नार्डी ने हराया

**नई दिल्ली।** नार्डी किसी ग्रैंड स्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल स्तर पर जोकोविच को हराने वाले सबसे निचली रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। इससे पहले 122वें नंबर के केविन एंडरसन ने 2008 में मियामी में हराया था। इटली के 20 साल के लुका नार्डी ने यहां बीएनपी परिबास ओपन के तीसरे दौर में अपने बचपन के आदर्श और शीर्ष वरीय 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से पराजित किया। दुनिया के 123वीं रैंकिंग के नार्डी ने नंबर एक जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। जीत के बाद उन्होंने अपना रैकेट फेंक दिया और चेहरे को हाथों से ढाप लिया। बाद में उन्होंने कहा कि यह तो चमत्कार है। मैं सिर्फ बीस साल का हूं और रैंकिंग सौ से ज्यादा है और मैंने नोवाक को हरा दिया। नार्डी किसी ग्रैंड स्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल स्तर पर जोकोविच को हराने वाले सबसे निचली रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। इससे पहले 122वें नंबर के केविन एंडरसन ने 2008 में मियामी में हराया था।



नार्डी ने जोकोविच को सोमवार को तीसरे दौर में हराकर चौंका दिया। इस हार के साथ ही जोकोविच की टूनार्मेंट में रिकॉर्ड छठे खिताब की दावेदारी समाप्त हो गई। 2024 में अभी तक जोकोविच कोई खिताब नहीं जीत पाए हैं। इससे पहले जनवरी में उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन में यानिक सिनर से सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। मैच के दौरान जोकोविच की नार्डी और अंपायर से बहस भी देखने को मिली। इनके बीच शॉट में लग रहे टाइम को लेकर बातचीत हुई। हालांकि, अंपायर ने नार्डी का पक्ष लिया। इस विवाद के बावजूद, जोकोविच इतालवी खिलाड़ी को हराने में कामयाब नहीं हो पाए। नार्डी ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

## न्यूज डायरी

### चीन के हेबेई में एक रेस्तरां में धमाका, दो की मौत; 26 से अधिक घायल

**बीजिंग।** चीन के हेबेई प्रांत के सान्हे शहर में बुधवार को एक रेस्तरां में हुए जबरदस्त धमाके में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है, वहीं 26 लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि धमाका इतना तेज था कि आसपास की कई कारों और इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। चीनी मीडिया की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे बीजिंग से करीब 80 किमी दूर सान्हे शहर में हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, विस्फोट एक गैस सिलेंडर के लीकेज के बाद हुआ। चीन के राहत-बचाव विभाग ने कहा कि लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए 36 वाहन और 154 बचावकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके बाद आग को काबू में कर लिया गया। गौरतलब है कि बीजिंग में कुछ उच्चस्तरीय बैठकों के ठीक बाद ही इस धमाके की खबर आई है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुए हैं, उनमें धमाके के बाद रेस्तरां से धुआं उठता देखा जा सकता है। इसके अलावा कई गाड़ियों के टूटे शीशे और आसपास इमारतों का मलबा भी गिरा है। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे पांच दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे भूटान का प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा को भारत के पांच दिवसीय दौरे पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 14 से 18 मार्च तक इस यात्रा में तोबगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे। वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा भूटान के प्रधानमंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को हमारी अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने और भारत और भूटान के बीच दोस्ती और सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों और साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।₹ तोबगे के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें उनके कई मंत्रिमंडल के सहयोगी और शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

### 'मोदी काफी लोकप्रिय, वह फिर से बनने जा रहे भारत के प्रधानमंत्री', अमेरिकी सांसद का दावा



**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता किसी से छिपी हुई नहीं है। वह देश ही नहीं विदेश में भी काफी लोकप्रिय हैं। ऐसे में अमेरिका के एक सांसद ने विश्वास जताया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में वह फिर से निर्वाचित होंगे। जॉर्जिया से रिपब्लिकन सांसद रिच मैककॉर्मिक ने एक इंटरव्यू में कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी काफी लोकप्रिय हैं। मैं भारत में था। मैंने प्रधानमंत्री मोदी और अन्य कई सांसदों के साथ दोपहर का भोजन किया और पार्टी में उनकी लोकप्रियता देखी। कोई है जो मुझे लगता है कि करीब 70 फीसदी लोकप्रिय हैं, तो वह मोदी ही हैं।। वह फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।' रणनीतिक संबंध प्रभावित होंगे उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'अर्थव्यवस्था, विकास, सभी लोगों के प्रति सद्भावना पर उनके प्रगतिशील दृष्टिकोण को देखना, दुनियाभर में प्रवासी भारतीयों के प्रति उनके आवेदन और सकारात्मकता को देखते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था, उनके रणनीतिक संबंध प्रभावित होंगे। मैं बहुत सकारात्मक तरीके से उनके प्रभाव की उम्मीद करता हूं.' चार से आठ प्रतिशत की वृद्धि उन्होंने कहा, 'मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना चार से आठ प्रतिशत की वृद्धि कर रही है। यदि आप अब अन्य देशों के साथ काम करने की उनकी इच्छा को देखते हैं, तो मैं वहां के लिए एक चेतावनी दूंगा, कभी-कभी थोड़ा बचना भी जरूरी है, जो बहुत सारे लोग करते हैं। उन्होंने चीन द्वारा की गई कुछ चीजों की नकल की है। उनके पास आगे बढ़ने का अविश्वसनीय लाभ होगा क्योंकि व्यवसाय एक विस्तारित बाजार में भारत में प्रवेश करना चाहते हैं।' चीन जैसे देशों का विरोध मैककॉर्मिक ने आगे कहा, 'जब हम उन तकनीकों को साझा करते हैं, जिनपर हमें भरोसा है, तो हमें बस यह सुनिश्चित करना होगा कि हम इसे ऐसे इस्तेमाल करें जो दोनों देशों के लिए लाभकारी हो। अच्छी बात यह है कि हम आक्रामक रुख नहीं देखते हैं जैसा कि हम चीन में देखते हैं। वास्तव में, हम चीन जैसे देशों का विरोध करने के लिए भारत के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक और सामरिक सहयोग देखते हैं जो निरंकुश हैं।'

### भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का उबोन रत्चथानी में आखिरी दिन, दो लाख से अधिक भक्तों ने किया सम्मान



**बैंकॉक।** थाईलैंड के उबोन रत्चाथानी में मंगलवार को हजारों भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों को सम्मान दिया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन पवित्र अवशेषों के दर्शन करने के लिए भक्त उबोन रत्चाथानी में वाट महा वानाराम पहुंचे। थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज दो लाख से अधिक श्रद्धालु उबोन रत्चाथानी में वाट महा वानारम में भारत के पवित्र अवशेषों के दर्शन के लिए पहुंचे। बता दें कि पवित्र अवशेषों की क्राबी की यात्रा से पहले कल उबोन रत्चाथानी में प्रदर्शनी का आखिरी दिन है।' भारतीय दूतावास ने पोस्ट में आगे लिखा, 'भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों अरहंत सारिपुत्त और अरहंत महा मोग्गलाना के पवित्र अवशेष पूर्वोत्तर थाईलैंड के एक शहर उबॉन रत्चथानी पहुंचे। ये अवशेष 10 से 13 मार्च तक वाट महा वानारम में रखे रहेंगे।' इससे पहले, पवित्र अवशेष चियांग माई शहर में थे, जहां हजारों भक्त दर्शन के लिए एकत्र हुए थे। भारतीय दूतावास ने थाईलैंड के समर्थन को सराहा वहीं, भारतीय दूतावास ने मौजूदा प्रदर्शनी के दौरान थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन और उनकी सरकार के निरंतर समर्थन की सराहना की और कहा कि इससे दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और गहरे होंगे। बता दें कि इससे पहले पवित्र अवशेषों के दर्शन के लिए 23 फरवरी से 3 मार्च तक लगभग दस लाख श्रद्धालु बैंकॉक में एकत्र हुए थे, जिसको लेकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और थाईलैंड के बीच गहरे आध्यात्मिक संबंध की सराहना की थी। थाईलैंड के चार शहरों में 25-दिवसीय प्रदर्शनी में रखे गए अवशेषों को बैंकॉक में रहने के दौरान सनम लुआंग रॉयल पैलेस मैदान में एक विशेष रूप से निर्मित मंडप में सार्वजनिक पूजा के लिए रखा गया था। क्राबी भेजे जाएंगे अवशेष बैंकॉक, चियांग माई, उबोन रतचथानी शहरों में प्रदर्शनी के बाद, अवशेषों को क्राबी भेजा जाएगा। इसके बाद 14-18 मार्च तक क्राबी में इनकी प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। पवित्र अवशेषों को 19 मार्च को थाईलैंड से उनके संबंधित घरों तक वापस ले जाया जाएगा, जिससे थाईलैंड में एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध प्रदर्शनी का समापन होगा।

### कंगाल पाकिस्तान में बड़ा ऐलान, राष्ट्रपति-गृह मंत्री बिना वेतन के करेंगे काम

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी देश में आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर अपना वेतन नहीं लेंगे। उनके कार्यालय ने पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के प्रयास में यह निर्णय लिया। राष्ट्रपति जरदारी के निर्णय का उद्देश्य देश में विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन को प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रपति ने वेतन न लेने को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रीय खजाने पर बोझ नहीं डालने का फैसला किया। 9 मार्च को जरदारी को पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया, जो इस पद पर उनका दूसरा कार्यकाल था। उन्होंने पहले 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। इसी तरह के कदम में मोहसिन नकवी पाकिस्तान के नए आंतरिक मंत्री के रूप में पदभार संभाला और उन्होंने भी इस कार्यकाल के दौरान अपना वेतन छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस कार्यकाल के दौरान अपना वेतन छोड़ने का फैसला किया है। इस चुनौतीपूर्ण समय में हर संभव तरीके से हमारे देश का समर्थन और सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से तेजी से गिरावट की स्थिति में है, जिससे अनियंत्रित मुद्रास्फीति बढ़ रही है। पिछले महीने, यह बताया गया था कि देश नई सरकार को 2024 में देय अरबों डॉलर का कर्ज चुकाने में मदद करने के प्रयास में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नया ऋण लेने की योजना बना रहा था। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान आईएमएफ के साथ एक विस्तारित फंड सुविधा पर भी बातचीत करना चाहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत मार्च या अप्रैल में शुरू होने की संभावना है। आईएमएफ के अल्पकालिक बेलआउट के कारण, पाकिस्तान 2023 में डिफॉल्ट से बच गया। लेकिन वह बेलआउट इस महीने समाप्त हो जाएगा।

# 'रूस की संप्रभुता और स्वतंत्रता को खतरा हुआ तो करेंगे परमाणु हथियार का इस्तेमाल', पुतिन की चेतावनी



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ पश्चिमी देशों को चेतावनी दी है कि अगर रूस की संप्रभुता और स्वतंत्रता पर खतरा पैदा हुआ तो वह परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। दरअसल, पश्चिमी देशों की मदद से ही यूक्रेन, रूस पर हमलावर हो रहा है। एक साझात्कार के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी तनावपूर्ण स्थिति, जिससे परमाणु युद्ध शुरू हो सकता है, को बढ़ने से रोकने कि कोशिश करेगा। लेकिन रूस का परमाणु बल इसके लिए पूरी तरह से तैयार है।

यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियार के इस्तेमाल पर क्या बोले पुतिन यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमार पर विचार करने के सवाल पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यहां उसकी (परमाणु हथियारों) जरूरत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने मकसद को पूरा करेगा। पुतिन ने बताया कि उन्होंने बातचीत के लिए हमेशा दरवाजा खुला रखा है। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों के साथ किसी भी समझौते के लिए पक्की गारंटी की आवश्यकता होगी। हाल ही में पुतिन ने पश्चिमी देशों को धमकाते हुए कहा था कि हमारे पास ऐसे हथियार हैं, जो उनके इलाकों को भी भेद सकते हैं।

#### पीएम मोदी के कारण टाला गया परमाणु युद्ध

दो साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध अब परमाणु संघर्ष की तरफ बढ़ रहा है। हालांकि, एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएम मोदी और कई वैश्विक नेताओं की सक्रियता के कारण परमाणु युद्ध को टाला जा सका। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के प्रशासन में शामिल दो शीर्ष अधिकारियों के हवाले से आई सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों का टकराव रोकने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की। इस रिपोर्ट का दावा है कि पीएम मोदी और कई अन्य वैश्विक नेताओं की सक्रियता के कारण रूसी सेना और पुतिन को समझाने में कामयाबी मिली। इसके बाद ही यूक्रेन पर परमाणु हमला टाला जा सका।

### गृहयुद्ध के कारण हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा, शांति बनाने की अपील की

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने कैरेबियाई राष्ट्र में हिंसा और लूटपाट के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री ने क्षेत्रीय देशों की आपातकालीन बैठक के बाद इस्तीफा दिया है। उन्होंने देश में शांति बहाल करने की अपील की है। बता दें, देश में गृहयुद्ध के कारण लगातार हालत बिगड़ती जा रही है। सशस्त्र गिरोह ने देश की राजधानी पर कब्जा कर लिया है। नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहेंगे हेनरी सोमवार को एक वीडियो संदेश में हेनरी ने कहा कि उनकी सरकार एक संक्रमणकालीन परिषद की स्थापना के बाद सत्ता छोड़ देगी। हैती को शांति की जरूरत है। हैती को स्थिरता की जरूरत है। मेरी सरकार परिषद की नियुक्ति करेगी, जो एक प्रधान मंत्री और एक नई कैबिनेट की घोषणा करेगी। तब तक हम एक कार्यवाहक सरकार के रूप में काम करेंगे। हैती के पीएम सलाहकार जीन जूनियर जोसेफ के अनुसार, नई अंतरिम सरकार के गठन तक हेनरी पीएम की भूमिका निभाएंगे। सीएरआरआईकोएम अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि हम संक्रमणकालीन शासन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का मार्ग प्रशस्त होता है। मैं आश्वस्त करना चाहता है कि हैती में कानून का शासन होगा। हैती में जारी है हिंसा कैरिबियाई देश हैती में गृह युद्ध से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। देश में फैली हिंसा के कारण 3,62,000 हैती वासियों को विस्थापित होना पड़ा। सशस्त्र गिरोह देश की राजधानी पर कब्जा कर चुके हैं। वे राष्ट्रपति भवन समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बना रहे हैं। सड़कों पर गोलियां चल रही है। सशस्त्र गिरोह दुकानों और घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं, जिसके बाद हैती में 72 घंटों के लिए आपातकाल लगा दिया गया है। अमेरिका में छिपे हैं हेनरी\ हेनरी पिछले सप्ताह देश में शांति बहाल करने के उद्देश्य से 1000 केन्याई पुलिस अधिकारियों की मदद मांगने के लिए केन्या में समझौता करने पहुंचे थे।

## अमेरिका होने वाला है दिवालिया!, एलन मस्क ने कम खर्च करने की दी नसीहत



**वॉशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका पर कंगाली का खतरा मंडरा रहा है। यह हम नहीं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का कहना है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यहां के लोगों को कम खर्चा करने की नसीहत दी है। दरअसल, एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि कुछ समय में अमेरिकी करदाताओं के 100 प्रतिशत पैसे का उपयोग राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए किया जाएगा। इसका जवाब देते हुए एलन मस्क ने कहा, 'अमेरिका जल्द दिवालिया हो सकता है। यहां के लोगों को खर्चे में कमी लानी चाहिए नहीं तो यह जल्द ही कंगाल हो जाएगा। एलन मस्क इस पोस्ट से हुए सहमत एक यूजर ने पोस्ट में कहा कि अगले कुछ सालों के लिए यह संख्या देखना अच्छा है। व्यक्तिगत आयकर सरकार के राजस्व का लगभग आधा है। फरवरी की बात करें तो अमेरिकी सरकार ने व्यक्तिगत आयकर से 120 अरब डॉलर जुटाए। राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए उन्हें फरवरी में 76 अरब डॉलर खर्च करना पड़ा। हम उस दिन से बहुत दूर नहीं हैं जब ऋण पर ब्याज के लिए भुगतान करने के लिए 100 फीसदी व्यक्तिगत आयकर की आवश्यकता होगी। क्या अमेरिकी मंदी की संभावना है? अमेरिका के अरबपति बैंकर जेमी डिमोन का कहना है कि अमेरिका में मंदी की संभावना ज्यादा दूर नहीं बै। वहीं, जेपी मॉर्गन चेज के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगले एक या दो साल में सॉफ्ट लैंडिंग की संभावना आधी है। सबसे खराब स्थिति मुद्रास्फीतिजनित मंदी होगी।'

जेमी डिमोन ने ब्याज दरों को कम किया जाना चाहिए या नहीं, इस पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण आर्थिक हालात बिगड़ गए। संयुक्त राज्य अमेरिका में बेरोजगारी इस समय बहुत कम है, मजदूरी बढ़ती जा रही है। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा, 'केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को कम करने के करीब पहुंच रहा है। हम इस बात को लेकर और अधिक आश्वस्त होने की प्रतिक्षा कर रहे हैं कि मुद्रास्फीति दो फीसदी पर लगातार बढ़ रही है। जब हमें इस बात का विश्वास हो जाएगा कि हम इससे दूर नहीं हैं, तब प्रतिबंध के स्तर को वापस शुरू करना उचित होगा।

## 70 साल बाद फिर मुकाबला? राष्ट्रपति पद के दावेदार बाइडन को डेमोक्रेट्स से पर्याप्त समर्थन



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की रेस में यूं तो कई दावेदार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन 2024 के चुनाव में डेमोक्रेट खेमे से वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ही प्रत्याशी बनेंगे। बाइड़न को रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी चुनौती मिल रही है। अमेरिका के लगभग 70 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब लगातार दो चुनाव में उन्हीं उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। पिछली बार राष्ट्रपति चुनाव 2020 में भी डोनाल्ड ट्रंप और बाइडन के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। गौरतलब है कि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टी इन प्राइमरी चुनावों में जीत हासिल करने वाले प्रत्याशी को ही राष्ट्रपति पद के लिए दावेदार के तौर पर उतारती हैं। इन राज्यों में बाइडन का जनाधार मजबूत, ट्रंप की दावेदारी भी लगभग तय दरअसल, मंगलवार को बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से नामांकन पर मुहर लगने के लिए जरूरी संख्याबल हासिल कर लिया। चुनाव के इस स्तर पर उनके समर्थन में पर्याप्त प्रतिनिधि मतदान कर चुके हैं। डेमोक्रेट खेमे की तरफ से नामांकन की रेस जीतने के लिए बाइडन को 1968 प्रतिनिधियों की जरूरत थी। जॉर्जिया के अलावा मिसिसिपी, वाशिंगटन राज्य, उत्तरी मारियाना द्वीप में भी बाइडन को अच्छा समर्थन हासिल है। अमेरिका में चुनाव पर समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को ट्रंप की दावेदारी पर भी अंतिम मुहर लग जाएगी। ट्रंप का कैंपेन 'नाराजगी और प्रतिशोध का अभियान खबरों के मुताबिक कई प्रमुख राज्यों में ट्रंप को अच्छा समर्थन मिल रहा है। भारतवंशी निक्की हेली रेस से बाहर हो चुकी हैं। एक अन्य भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने ट्रंप का समर्थन करने का एलान किया है। दावेदारी पर मुहर लगने के बाद होने के बाइडन ने कहा, ट्रंप का कैंपेन 'नाराजगी और प्रतिशोध का अभियान है। इससे अमेरिका का विचार खतरे में पड़ने की आशंका है। चार साल पहले हुए चुनाव में भी बाइडन ट्रंप का सीधा मुकाबला गौरतलब है।

## अग्नि-5 की रेंज में आया बीजिंग तो चीन भी मानने लगा भारत को बॉस

**चीन।** श्री रामचरित मानस में तुलसी दास की कही गई पंक्तियां भय बिनु होइ न प्रीति भारत के पड़ोसी देश के ऊपर एकदम सटीक बैठती है। चीन जो अपनी सेना को लेकर बड़ी-बड़ी डींगे हाका करता था। अग्नि-5 की ताकत ने उसकी चिंता को कई गुणा बढ़ा दिया है। भारत के अग्नि-5 के परीक्षण के बाद चीन में हड़कंप मचा हुआ है। इस परीक्षण के बाद चीन ने माना है कि भारत मिसाइल तकनीक का बड़ा खिलाड़ी बन चुका है। इस सफल परीक्षण के बाद चीन के सुर भी अब बदले-बदले नजर आ रहे हैं। चीन के सरकारी भोंपू यानी की ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि पश्चिमी देश एशिया की दो शक्तियों के बीच दुश्मनी बढ़ाना चाहते हैं। ग्लोबल टाइम्स ने भारत से एमआरआईवी तकनीक की सफलता के साथ रणनीतिक संयम बनाए रखने की अपील की है। बीजिंग से लेकर शंघाई तक भारत के दिव्यास्त्र की चर्चा हो रही है। जिस अग्नि-5 की रेंज में पूरा चीन आ चुका है। चीन के मुखपत्र में उसके परीक्षण और उसकी ताकत का बखान किया जा रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने अपने लेख में लिखा कि भारत एक दशक से अधिक समय से अपनी अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों का विकास और परीक्षण कर रहा है। भारत न केवल अपने बैलिस्टिक मिसाइल हथियारों में बल्कि एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और अंतरिक्ष उड़ानों दोनों के लिए आधुनिक एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में भारत एयरोस्पेस में प्रगति कर रहा है और इस वर्ष पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान शुरू करने की योजना भी बना रहा है। अग्नि-5 मिसाइल के सफल पहले उड़ान परीक्षण का जिक्र करते हुए ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि भारतीय समाचार एजेंसी एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में वायु सेना के पूर्व उप प्रमुख एयर मार्शल शिरीष बबन देव (सेवानिवृत्त) ने कहा कि यह एक स्पष्ट संदेश देता है कि देश अब हर चीज के लिए तैयार है।

## जापान का पहला निजी उपग्रह प्रक्षेपण के कुछ सेकंड बाद ही फटा; जलता काइरोस रॉकेट कैमरे में कैद



**टोक्यो।** जापान की एक कंपनी ने रॉकेट निर्माण के बाद अंतरिक्ष में दस्तक की योजना बनाई थी। हालांकि, काइरोस नाम के इस रॉकेट के प्रक्षेपण के तत्काल बाद जोरदार धमाका हुआ। बुधवार को प्रक्षेपण के चंद सेकेंड बाद हुए विस्फोट के कारण परियोजना अधर में लटक गई है। जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके के कैमरे पर काइरोस रॉकेट में धमारे की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड हुई है। इस रॉकेट की मदद से एक सरकारी उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की योजना थी। अरमानों पर पानी फिरा मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जापान की राजधानी टोक्यो से शुरू हुआ स्टार्टअप- स्पेस वन उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने के मामले में देश की पहली निजी कंपनी बनना चाहती थी। हालांकि, हादसे के कारण अरमानों पर पानी फिर गया है। खबरों के मुताबिक बुधवार को 18 मीटर लंबा रॉकेट काइरोस ठोस ईंधन के साथ प्रक्षेपित किया गया। पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रान्त से लॉन्च किए गए इस रॉकेट की मदद से एक छोटे सरकारी परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया जाना था। मिशन की नाकामी पर स्टार्टअप कंपनी- स्पेसवन ने क्या बताया रिपोर्ट के मुताबिक प्रक्षेपण के चंद सेकेंड के बाद ही रॉकेट आग की लपटों में घिर गया। लॉन्च पैड के आसपास काले धुएं का गुबार देखा गया। आग बुझाने के लिए स्प्रिंकलर की मदद ली गई और जलता हुआ मलबा आसपास की पहाड़ी और ढलान पर गिरता दिखा। हादसे के बाद जारी बयान में स्पेस वन ने कहा कि उड़ान को रद्द करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कंपनी के मुताबिक हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। जापानी रॉकेट में पहले भी हुए हैं धमाके आकर्षक उपग्रह-प्रक्षेपण बाजार में दस्तक देने का प्रयास कर रहे जापान की निजी कंपनी को इस असफलता से बड़ा झटका लगा है। सरकार यह आकलन करना चाहती है कि क्या उसके मौजूदा जासूसी उपग्रहों में खराबी आने पर वह तुरंत अस्थायी और छोटे उपग्रहों को लॉन्च कर सकती है। काइरोस को उम्मीद थी कि प्रक्षेपण के लगभग 51 मिनट बाद वह उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर देगा, लेकिन चंद सेकेंड बाद हुए धमाके के कारण मिशन असफल हो गया। इससे पहले पिछले साल जुलाई में एक अन्य जापानी रॉकेट में धमाका हुआ था। इंजन में परीक्षण के दौरान प्रज्वलन के लगभग 50 सेकंड बाद विस्फोट हुआ था। महज छह साल पुरानी है कंपनी बता दें कि जापान में निजी क्षेत्र की अंतरिक्ष कंपनी- स्पेस वन की स्थापना 2018 में हुई थी। प्रमुख जापानी तकनीकी व्यवसायों की एक टीम ने इसकी नींव रखी। इसमें कैनन इलेक्ट्रॉनिक्स, आईएचआई एयरोस्पेस, निर्माण फर्म शिमिजु और जापान के सरकारी स्वामित्व वाले विकास बैंक का भी सहयोग मिला।

## पीएम प्रचंड आज प्रतिनिधि सभा में हासिल करेंगे विश्वास मत

### सीपीएन-यूएमएल के साथ बनाएंगे नई सरकार



**काठमांडू।** काठमांडू नेपाली कांग्रेस को छोड़ने और नेपाल की कम्यूनिस्ट पार्टी-यूनिफाइड मार्कसिस्ट-लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के साथ नया गठबंधन बनाने के कुछ दिनों के बाद प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड बुधवार को संसद में अपना विश्वास मत हासिल करेंगे। नेपाल की कम्यूनिस्ट पार्टी से ताल्लुक रखने वाले पूर्व गुरिल्ला नेता, प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता प्रचंड ने रविवार को संसद सचिवालय को एक चिट्ठी लिखी। अपनी चिट्ठी में प्रचंड ने बताया कि उन्होंने नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है। पीएम प्रचंड को हासिल करना होगा विश्वास मत संविधान के प्रावधानों के अनुसार, गठबंधन सरकार से किसी सहयोगी द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री को विश्वास मत लेना होता है। पूर्व सहयोगी नेपाली कांग्रेस का समर्थन खोने के बाद प्रचंड को अब बहुमत साबित करना होगा। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली के नेतृत्व वाली नेपाल की कम्यूनिस्ट पार्टी के साथ नया गठबंधन बनाया है। इस नई सरकार को विश्वास मत साबित करने के लिए 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 वोटों की आवश्यकता है। दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद प्रचंड तीसरी बार विश्वास मत साबित करेंगे। प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को निचले सदन में 150 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। बता दें कि दूसरी सबसे बड़ी पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल के पास 76 सीटें हैं, जबकि तीसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के पास 32 सीटें हैं। इनके अलावा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के पास क्रमशः 20, 12 और 10 सीटें हैं।

## 'हमारे लिए प्रवासी भारतीय बेहद जरूरी; रक्षा-आर्थिक जगत में सहयोग अहम'; अमेरिकी सांसदों ने बताई अहमियत



**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रिश्ते पर भारतवंशी रो खन्ना ने अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध और मजबूत हुए हैं। खन्ना कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने रक्षा जगत, अर्थशास्त्र, वैकल्पिक ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग का जिक्र करते हुए कहा, बाइडन प्रशासन ने पिछले चार साल में भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। रो खन्ना ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने बहुत प्रगति की है। तेज आर्थिक विकास, महत्वाकांक्षा और ढेर सारी ऊर्जा के साथ चुनौतियां भी हैं। आय और असमानता जैसी चुनौतियां हैं जिनका अमेरिका सामना कर रहा है। नागरिकता संशोधन कानून पर भी बोले भारतवंशी सांसद खन्ना ने कहा कि चुनौतियां जीवंत और बहुलवादी समाज के सामने हैं। भारत की महत्वाकांक्षाएं बहुत बड़ी हैं। एक सवाल के जवाब में भारतीय अमेरिकी सांसद ने कहा, वे नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध करते हैं। इसे इसी सप्ताह अधिसूचित किया गया था। उन्होंने कहा, 'मैं सीएए का विरोध करता हूं और आप्रवासन के लिए बहुलवादी दृष्टिकोण का हिमायती रहा हूं।' भारत से आने वाले पेशेवरों की भूमिका; ग्रीन कार्ड में सात फीसदी सीमा हटाने की वकालत सात समंदर पार भारत और भारवंशियों की भूमिका को एक अन्य शीर्ष नेता ने भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत से आने वाले कुशल पेशेवरों और उच्च शिक्षा हासिल कर चुके अप्रवासियों की जरूरत है। पेंसिल्वेनिया के 8वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधि मैट कार्टराईट ने कहा, अमेरिका दुनियाभर के लोगों का स्वागत करता है। कार्टराईट हर साल ग्रीन कार्ड जारी करने में देशों पर लगाई गई सात फीसदी की सीमा हटाने की मांग का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े देशों को इस कोटे के कारण बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। नौकरी तलाश रहे भारतीयों को अमेरिका में मौका मिलना जरूरी कार्टराईट ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस को ग्रीन कार्ड जारी करने पर लगे सात फीसदी का कोटा हटा देना चाहिए, क्योंकि इसके कारण भारत से आने वाले पेशेवरों को दशकों तक इंतजार करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय लोग नौकरी की तलाश में हों तो उन्हें अमेरिका में प्रवास करने का मौका मिलना चाहिए।


# श्रीमद् भागवत की कथा जया किशोरी से सुनने उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब













**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाज़ियाबाद में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर श्रीमद् भागवत कथा कथावाचक जया किशोरी से सुनने को ज्यादा श्रद्धालुओं का जनसैलाब बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनिल अग्रवाल साँवरिया, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी, मेयर सुनीता दयाल, पूर्व मेयर आशा शर्मा, व समरकूल के चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने परिवार सहित कथा सुनी, साथ ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# युवाओं के सपनों को मजबूत कर रही है मोदी-योगी की सरकार : नरेंद्र कश्यप

## बेहतर शिक्षा और रोजगार के मिल रहे हैं चौतरफा अवसर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार और केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार युवाओं को चौतरफा अवसर प्रदान कर रही है। इसके साथ ही उनको बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रदान किया जा रहे हैं।

बुधवार को स्वतंत्र प्रभार एवं दिव्यांग शक्तिकरण विभाग के प्रमुख नरेंद्र कश्यप ने महिन्द्रा एन्क्लेव स्थित विजय बीएड कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के द्वारा आयोजित युवा संवाद हॉस्टल कार्यक्रम में कहा कि युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लाभकारी योजनाएं चला रही है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिस तरीके से युवाओं के सपने साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में सुनहरे अवसर प्रदान किया जा रहे हैं, ऐसा पहले नहीं होता था। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज युवाओं ने भी ठान लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता दिलानी है और 400 का आंकड़ा पार भी कराना है।






### देश के युवा ही बनेंगे भारत की ताकत: नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री युवा संवाद हॉस्टल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि देश के युवा ही भारत की ताकत बनेंगे। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज के युवाओं में वह ताकत देखते हैं जो देश को एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए नजर आती है। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज शिक्षा का स्तर बहुत सुधर रहा है जिसकी वजह से युवा प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं और सरकार भी उसमें काफी हद तक मदद कर रही है। इस दौरान उन्होंने युवाओं को शपथ दिलाई कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करें और भारतीय जनता पार्टी की दोबारा से सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### युवाओं को समझनी होगी अपनी ताकत

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि भारत और उत्तर प्रदेश के युवा बहुत ही समझदार और योग्य हैं। साथ ही उनका कहना है कि युवाओं को अपनी ताकत समझनी होगी। आज देश की मल्टीनेशनल कंपनी से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भारतीय युवाओं की सबसे ज्यादा मांग होती है। इसके साथ ही विदेश के अस्पतालों, आईटी सेक्टर और प्रमुख बड़े औद्योगिक घरानों में भी भारत और उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर नौकरी दी जाती है। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय धामा, मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी, उमेश भाटी, सीपी सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीओ से मिलकर समस्या समाधान की मांग की




**गाजियागाद (करंट क्राइम)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष संदीप बंसल के साथ व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने गाजियाबाद के डी.ओ.अरविंद यादव से शिष्टाचार मुलाकात की एवं व्यापारियों पर जो झूठी शिकायतों के ऊपर कार्रवाई नहीं करने की मांग की। फूड लाइसेंस के रिनुअल में व्यापारियों के साथ वार्ता कर कठिनाइयों को दूर करने को कहा गया। प्रतिनिधिमंडल ने डी.ओ. को अंग वस्त्र पहनाकर एवं फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत भी किया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष संदीप बंसल, महानगर अध्यक्ष संजय बिंदल, कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला कोऑर्डिनेटर प्रेम प्रकाश चीनी, संयोजक चेतन शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, युवा महामंत्री मूलचंद गर्ग, उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति, मंत्री विनोद कुमार, सब्जी मंडी व्यापार अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, अमरदीप सिंह सलूजा आदि साथ रहे।

# सीलिंग की कार्रवाई के साथ-साथ करदाताओं को मोहलत भी दे रहा है नगर निगम

## सरकारी विभागों पर भी दबाव बनाना हुआ प्रारंभ

### अभियान के रूप में चल रहा है टैक्स वसूली का कार्य: नगर आयुक्त




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम सीमा अंतर्गत टैक्स वसूली को लेकर बड़ी कार्रवाई देखने को मिल रही है। वसुंधरा तथा कविनगर जोन वृहद स्तर पर कार्य कर रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संपत्ति कर वसूली को गति मिल रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव खुद भी वसूली को लेकर सीलिंग की कार्रवाई करा रहे हैं हालांकि वसूली को सख्ती के साथ साथ नगर निगम करदाताओं को मोहलत भी दे रहा है। डॉ. ने संजीव ने बताया कि वसुंधरा जोन के अंतर्गत अंसल प्लाजा के उपरांत महागुन मॉल पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है जहां लगभग एक करोड़ 35 लाख महागुन मॉल पर बकाया था उसमें लगभग 80 लाख की वसूली हो चुकी है। बाकी के लिए महागुन मॉल के मालिक से वार्ता हुई जिसमें एक सप्ताह में बकाया राशि जमा करने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार कविनगर जोन के अंतर्गत भी कार्रवाई चल रही है, सरकारी विभागों पर भी दबाव बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम लिमिटेड पर 16 लाख बकाया है जिसके लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया है यदि एक सप्ताह बाद कर वसूली नहीं होती है तो कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में सम्मानित करदाताओं से अपना हाउस टैक्स जमा करने की जहां गाजियाबाद नगर निगम अपील कर रहा है वहीं दूसरी ओर सीलिंग की कार्रवाई भी हो रही है। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम करदाताओं को समय की मौहलत भी दे रहा है, योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए टैक्स वसूली का कार्य जिम्मेदारी से की जा रही है।



# गाज़ियाबाद के प्रांजल सिन्हा की मशहूर टी वी शो शार्क टैंक में धमक

### अपनी लॉ फर्म के लिये लिया एक करोड़ का बड़ा इन्वेस्टमेंट





**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के रहने वाले प्रांजल सिन्हा विश्वविख्यात हर्बल एक्सपर्ट पायल सिन्हा के छोटे बेटे हैं। पायल सिन्हा हमेशा से टीवी जगत और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर छायी रहती हैं। भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों से भी उन्हें और उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को बहुत प्यार मिलता है। अब उनके बेटे प्रांजल सिन्हा ने भी टीवी पर दस्तक दे दी है।

सोनी टीवी पर प्रसारित हो रहे शार्क टैंक सीजन 3 में प्रांजल सिन्हा ने अपने पार्टनर्स अक्षिता, अशोक और विक्रम कुमार के साथ अपनी लॉ फर्म समा का प्रतिनिधित्व किया और अपने यूनिक कांसेप्ट ने सभी शार्क्स को बहुत प्रभावित किया। इसी के साथ प्रांजल सिन्हा शार्क्स से इन्वेस्टमेंट पाने में भी सफल रहे। बता दें कि जिन केसों को सुलझाने में कोर्ट के अंदर कई साल लग जाते हैं प्रांजल सिन्हा अपनी लॉ फर्म समा के जरिये उन्हीं केसों को मात्र 3 महीनों में सुलझा देते हैं और इस प्रकार से देश में बहुत तेजी से प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं।

प्रांजल सिन्हा ने अपनी लॉ फर्म की शुरूआत सन 2015 में की। वो समा के को-फाउंडर होने के साथ इंडियन मैडिएशन वीक के चीफ कोऑर्डिनेटर भी हैं। प्रांजल सिन्हा का शार्क टैंक में इन्वेस्टमेंट पाना गाजियाबाद के लिए गौरव की बात है।

# जिला मुख्यालय में मनाया गया निपुण विद्यालय सम्मान समारोह

## कर्म ही पूजा है के सिद्धांत पर कार्य करना चाहिए : इन्द्र विक्रम सिंह







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला मुख्यालय के दुर्गावती सभागार में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जनपद के कुल 316 विद्यालयों में राज्य स्तरीय डायट आकलन के परिणामस्वरूप निपुण उभर कर आए 93 विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को सम्मान प्रतीक प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सम्मानित होने वालों को बधाई देते हुए कहा कि जिन लोगों द्वारा अच्छे कार्य किए गये हैं और उन्हें सम्मान नहीं मिला हैं वे निराश ना हों उन्हें भी उनके अच्छे कार्यों के लिए किसी न किसी रूप में सम्मान जरूर मिलेगा। इसके साथ ही हमें इतने से सम्मान से सन्तुष्ट नहीं होना है हमें और अधिक मेहनत करनी हैं और इससे भी बड़े सम्मान पाने हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि हमेशा ज्ञान अर्जन करने के लिए तैयार रहना चाहिए उसके लिए ज्ञान देने वाले की उम्र, वेश–भूषा नहीं देखनी चाहिए।

एक अच्छा शिक्षक अपने कार्यों से अपने विद्यालय का नाम रोशन करता है और उनके द्वारा पढ़ाये गये विद्यार्थी देश का नाम रोशन करते हैं। एक अच्छे शिक्षक को पता होता है कि शिक्षा में कमजोर छात्र को कैसे पढ़ाया जाये कि वह होनहार और बुद्धिमान बन सके, इसलिए उन बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। कर्म ही पूजा है के सिद्धांत पर कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यापकों, एआरजी, एआरपी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सहित अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, डायट वरिष्ठ प्रवक्ता शाहीन, सभी खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, सर्वेश कुमार, विश्वजीत राठी, इश्क लाल उपस्थित रहे। सभी एसआरजी, सभी एआरपी, जिला समन्वयक अरविंद कुमार, टिंकू कंसल, डॉ राकेश, रुचि त्यागी, विनीता त्यागी, रेणु चौधरी, वाणी शर्मा का कार्यक्रम में सहयोग रहा। सूक्ष्म जलपान के साथ निपुण विद्यालय सम्मान समारोह कार्यक्रम पूर्ण हुआ। मंच संचालन पूनम शर्मा ने किया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विवेक त्यागी ने अपने मम्मी पापा की 50 वी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। संस्कार और परिवार का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे